हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 25 जनवरी 2026




# टीईटी परीक्षा में जूते पहनने पर पाबंदी, आभूषण-इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी रहेंगे बैन

## जिले सहित प्रदेशभर में एक फरवरी को दो पालियों में आयोजित की जाएगी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अलग खबर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का आयोजन 01 फरवरी को दो पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली सुबह 9.30 से दोपहर 12.15 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 03 से शाम 5.45 बजे तक रहेगी। जिले में परीक्षा के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार परीक्षा को जिले में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पूर्णतः पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में परीक्षा प्रेक्षकों को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा की उपस्थिति में प्रशिक्षण के दौरान परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों, सुरक्षा एवं गोपनीयता प्रावधानों, समय-सारणी के पालन, तकनीकी प्रक्रियाओं एवं आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने की प्रक्रिया पर विशेष जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि परीक्षा नकल-विहीन, पारदर्शी एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, फ्लाइंग स्क्वॉड की निगरानी, समय पर प्रश्नपत्र वितरण, सीलबंदी और केंद्रों के नियमित निरीक्षण सहित सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुचित गतिविधि पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### दो घंटे पहले पहुंचना होगा केंद्र

प्रथम पाली में 25 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 8071 परीक्षार्थी तथा द्वितीय पाली में 45 केन्द्ररों पर 13179 परीक्षार्थी शामिल होंगे। व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र पहुंचने कहा गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व सभी प्रवेश द्वार पूर्णतः बंद कर दिए जाएंगे तथा इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

व्यापम
विद्या सर्वार्थ साधनम्

**आंधी बांह के कपड़े पहनने सलाह:** टीईटी परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनना अनिवार्य किया गया है। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा डार्क चॉकलेट रंग के परिधान पूर्णतः प्रतिबंधित है। फुटवियर में केवल चप्पल की अनुमति है, जूते प्रतबंधित रखे गए हैं। इसके अतिरिक्त कान में कोई आभूषण पहनना भी प्रतिबंधित है।

### नकल से बचने उपकरण प्रतिबंधित

परीक्षा को पूरी तरह नकलमुक्त एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, बेल्ट, टोपी आदि का परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्णतः वर्जित किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षार्थियों से सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करते समय से परीक्षा केन्द्र पहुंचने एवं शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने में सहयोग की अपील की गई है।

## राजनांदगांव से खैरागढ़ तक हो रहा सड़क का चौड़ीकरण कार्य, लापरवाही आई सामने

# पेड़ हटाये बिना ही सड़क का चौड़ीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क से वृक्ष को हटाए बिना ही संबंधित ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव से खैरागढ़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके लिए सड़क के बीच आने वाले वृक्षों को हटाया जाना है और दोगुने पौधे लगाकर क्षेत्र को हराभरा किया जाना है, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान आने वाले वृक्षों को हटाए बिना ही यहां पर रोलर चलाया जा रहा है। जिसके चलते वृक्ष वाले स्थान पर सड़क की बेस नहीं हो पा रही है। जिससे इसकी मजबूती पर भी असर पड़ेगा। सड़क निर्माण में बेस कार्य के दौरान ही चौड़ीकरण के संपूर्ण क्षेत्र पर रोलर चलाया जाना है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा महज खानापूर्ति की जा रही है।

सड़क पर बेस कार्य के बाद अगर यहां से वृक्षों को हटाया जाता है तो सड़क की मजबूती पर इसका असर दिखाई देगा। वृक्ष वाले स्थान पर जल्दी ही गड्ढे पड़ जाएंगे। इस सड़क के बीच कई ऐसे भी सूखे पेड़ हैं, जिसे निर्माण कार्य के दौरान काटकर हटाया जा सकता है, लेकिन सड़क से पेड़ हटाए बिना ही यहां पर आधा-अधूरा निर्माण किया जा रहा है।





### लगभग 90 करोड़ का निर्माण

राजनांदगांव से खैरागढ़ तक लगभग 40 किलोमीटर कि इस सड़क का निर्माण 89 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य के शुरूआत में ही उसकी गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। निर्माण कार्य में सड़क की बेस में ही लापरवाही बरती जा रही है।

### मार्च तक पूरा होगा चौड़ीकरण

राजनांदगांव-खैरागढ़ की यह मुख्य सड़क है, जिस पर प्रतिदिन हजारों वाहन चलते हैं। सूत्रों ने बताया कि पीडब्लूडी महकमे ने आगामी मार्च माह तक काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यही कारण है कि ठेकेदार द्वारा तेज गति के साथ निर्माण काम किया जा रहा है, लेकिन पेड़ों की कटाई शुरू नहीं होने से ऐसी आशंका जताई जा रही है कि निर्माण काम पूरा होने में विलंब होगा। इधर सड़क में निर्माण काम जारी होने के चलते लोगों को धूल के गुबार का सामना भी करना पड़ रहा है।

### नाली निर्माण की मांग, सरपंचों ने सौंपा सामूहिक ज्ञापन

बीते दिनों सड़क निर्माण क्षेत्र में आने वाले गांव के विभिन्न सरपंच, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से कहा था कि सड़क निर्माण से पूर्व यहां पर नाली निर्माण कराया जाए। जनपद क्षेत्र तिलई, पद्मतरा, खपरी, चवेली एवं बोरी सहित अन्य ग्रामों के जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर जितेंद्र यादव को ज्ञापन सौंपा था। प्रतिनिधियों ने अपने ज्ञापन में कहा कि वर्तमान में जिन गांवों से सड़क गुजर रही है, वहां नाली निर्माण का प्रावधान नहीं किया गया है। इससे भविष्य में बरसात के मौसम में जलभराव, गंदगी और आवागमन में परेशानी की समस्या उत्पन्न होगी। बिना नाली के सड़क निर्माण अधूरा और अव्यवहारिक है।

**पेंशनरों की बैठक 26 को /डोंगरगढ़।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा की बैठक 26 जनवरी को आयोजित की गई। सुबह 9 बजे होने वाली बैठक में वर्ष 2025-26 की गतिविधियों, पेंशनर्स से जुड़े ज्वलंत मुद्दों तथा संगठनात्मक विस्तार पर चर्चा की जाएगी। पेंशनर्स की समस्या, अधिकारों एवं मांगों पर आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक के पश्चात ध्वजारोहण किया जाएगा।






## खबर संक्षेप

### कटंगी में भागवत महापुराण आज से



**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम कटंगीखुर्द में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कल 25 जनवरी से 2 फरवरी तक किया जा रहा है। इस आयोजन में कथावाचक आचार्य पंडित तारकेश्वर तिवारी आरंग उदयपुर वाले अपने मुखारविंद से कथा श्रवण कराएंगे। इस आयोजन के मुख्य यजमान हरिश्चंद्र वर्मा व श्रीमती पूर्णिमा वर्मा होंगे। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण को लेकर यीमेश सिंह वर्मा ने बताया कि प्रथम दिन 25 जनवरी को कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं गौकरण कथा होगी। वहीं परीक्षित जन्म, सृष्टि वर्ण, समुद्र मंथन, वामन अवतार, प्रहलाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा, परीक्षित मोक्ष जैसे विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। कथा समापन गीता उपदेश, हवन यज्ञ एवं भंडारा महाप्रसादी के साथ होगा।

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एक नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 23 जनवरी को प्रार्थिया द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की को आरोपी खोमेश साहू द्वारा शादी का प्रलोभन देकर घर दिखाने के बहाने आरोपी द्वारा अपने घर ले जाकर जबर्दस्ती दुष्कर्म किया है। रिपोर्ट पर धारा 64(2)(एम), 69 बीएनएस, 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

### पुलिस ने ठिकाने पर दी दबिश

पुलिस के अनुसार इस मामले में चिखली पुलिस टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी हेतु ठिकाने पर दबिश दिया गया। आरोपी खोमेश साहू 18 साल 2 माह साकिन कांकेतरा ओपी चिखली को हिरासत में लेकर चौकी चिखली लाकर पूछताछ किया, जो दुष्कर्म करना स्वीकार किया। आरोपी के विरुद्ध विधिवत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया। तत्पश्चात आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

# थैले में भरकर ले जा रहा था शराब आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



थैला में अधिक मात्रा में शराब रखकर युवक पैदल कोकपुर बस स्टैंड की ओर जा रहा था। जिसकी सूचना पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। जिससे 50 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री पर सख्ती से अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 23 जनवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कोकपुर में एक व्यक्ति अपने पास थैला में अधिक मात्रा में शराब रखकर पैदल कोकपुर बस स्टैंड की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कोकपुर शराब भट्ठी के पास मेन रोड पुलिया पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकड़ा गया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

आरोपी के कब्जे से कुल 50 पौवा देशी मदिरा कुल 09.00 बल्क लीटर कीमती 4000 रुपए जब्त की गई। आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम सूरज कुमार कोसरे 21 वर्ष निवासी ग्राम तिलईरवार बताया। बरामद मदिरा को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया।







**बेचना हैं**

रिवर न्यू फार्म हाउस भूमि नदी किनारे डूंडेरा से मुड़पार से होकर डोंगरगढ़ जाने वाली डामर रोड पर स्थित भूमि बेचना है।

- संपर्क करें -
Mo. 9243901653

**जमीन बेचना हैं**

कमर्शियल (व्यावसायिक) जमीन तुमड़ीबोड़ से डोंगरगढ़ जाने वाली मुख्य मार्ग पर ग्राम डूंडेरा में स्थित है।

- संपर्क करें -
Mo. 7770999355


# वन्य प्राणी 'इंडियन ग्रे मुंगूस' का शिकार, आरोपी गिरफ्तार

## थाना डोंगरगांव क्षेत्र के शिवनाथ नदी पुल की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम मटिया शिवनाथ नदी एनीकट के पास से आरोपियों के कब्जे से वन्य प्राणी एक नग मृत इंडियन ग्रे मुंगूस बरामद कर डोंगरगांव पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 23 जनवरी को करीबन 5 बजे पुलिस को मोबाइल से सूचना मिली कि शिवनाथ नदी एनीकट के पास एक व्यक्ति वन्य प्राणी इंडियन ग्रे मुंगूस को मारकर रखा है। सूचना पर थाना डोंगरगांव टीम रवाना हुआ, जो ग्राम मटिया शिवनाथ नदी एनीकट के पास से गोकुल उईके 22 साल निवासी ग्राम आरी-कोनारी के साथ एक वन्य प्राणी इंडियन ग्रे मुंगूस के साथ घटनास्थल पर घेराबंदी कर तत्काल वन विभाग को सूचित किया गया। वन विभाग के आरओ लवकेश गिलहरे थाना डोंगरगांव आने पर मृत वन्य प्राणी इंडियन ग्रे मुंगूस एवं गोकुल उईके 22 साल निवासी ग्राम आरी-कोनारी को वन विभाग डोंगरगांव को सुपुर्दनामा पर दिया गया।



इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव एवं वन विभाग राजनांदगांव के योगेश साहू, उपमंडला अधिकारी राजनांदगांव, लवकेश गिलहरे वन परिक्षेत्र अधिकारी डोंगरगांव, अकाश ठाकुर वन परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी, प्रवीन देहारे सहायक परिक्षेत्र अधिकारी उमरवाही, विनोद मिश्रा सहायक परिक्षेत्र अधिकारी डोंगरगांव, पंकज निर्मल वनरक्षक डोंगरगांव की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### अधिनियम के तहत कार्रवाई

वन विभाग डोंगरगांव के द्वोपी के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9, 39, 44, 49, 498, 51, 57 कायम कर आरोपी गोकुल उईके 22 साल निवासी ग्राम आरी-कोनारी थाना डोंगरगांव को न्यायालय में पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### राम-कृष्ण ही भारत की पहचान: सांसद पांडे

**खुज्जी।** ब्रम्हचारी आश्रम दर्री में आयोजित पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ अरणी मंथन के साथ हुआ। महायज्ञ में शनिवार को सांसद संतोष पांडे ने शामिल होकर समाधि स्थल के दर्शन कर यज्ञ की परिक्रमा की। कथा पंडाल में राम रंग मानस महोत्सव का शुभारंभ किया।श्री पांडे ने इस मौके पर कहा कि जीवन के कल्याण के लिए रामायण रूपी नौका की रचना की गई है। श्री पांडे ने कहा कि सुख और शांति पाना है तो राम के शरण में जाना होगा। श्री राम रंग महोत्सव में सत्यम शिवम सुंदरम मानस परिवार भरदा कला ने प्रस्तुति दी।

### वेद विज्ञान शाला में वार्षिकोत्सव आज

**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर हिन्दी अंग्रेजी इंटर नेशनल विद्यालय सड़क अतरिया तथा एआईआईटी ग्रुप के तत्वावधान में कल रविवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे स्कूल परिसर होगा। स्कूली छात्रों द्वारा एकल एवं सामुहिक नृत्य एवं अन्य कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा।

### गंधर्व समाज ने मनाई जयंती

**डोंगरगढ़।** गंधर्व समाज ने संत चित्र रथ गंधर्व जयंती महोत्सव का



आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी सम्मिलित हुए। अध्यक्षता ग्राम प्रमुख फिरंगी राम पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, गंधर्व समाज के जिला अध्यक्ष जीवनलाल गंधर्व, कृतिका रावना, लक्ष्मी गंधर्व, गुरमीत भाटिया, चुम्मन साहू, जितेंद्रसिंह भाटिया, कृष्णा गुप्ता, मयूर हथेल थे। इस मौके पर अतिथियों ने संबोधित किया। समाजिक जनों शासन से प्राप्त 10 डिसमिल भूमि पर भवन निर्माण की मांग रखा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

### सामाजिक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

**डोंगरगढ़।** स्थानीय यादव समाज की गत दिनों बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में समाज के सुदृढ़ीकरण, कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा सामाजिक एकता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सदस्यों ने समाज हित में मिल-जुलकर कार्य करने का संकल्प लिया और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। अंत में अध्यक्ष ने आभार व्यक्त किया।

### आरोग्य मंदिरों के कर्मचारी सम्मानित

**मोहला।** जिले को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने की दिशा



में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। कलेक्टर तूलिका प्रजापति ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर राजाडेरा के अधिकारी जीतेन्द्र भुआर्य, चिखली की लक्ष्मी साहू, सिंघाभेड़ख्की कामिनी बंजारे, केंवटटोला की प्रियंका ताराम को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण हेतु चयनित किए जाने पर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान कलेक्टर ने कहा कि प्रमाणीकरण स्वास्थ्य संस्थानों की सेवाओं, स्वच्छता, प्रबंधन एवं मरीज केंद्रित कार्यप्रणाली का प्रमाण है। उन्होंने सभी स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

### छात्रों ने जाना कृषि का गुर

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाब दास वैष्णव हायर सेकेंडरी स्कूल सड़क



अतरिया के कृषि विज्ञान के छात्रों ने ओटेबंद के कामदेव जंघेल के फार्म हाऊस एवं खेतों में पहुंच कर जानकारी एकत्र किया। छात्रों को केला, गेंहू, टमाटर, सब्जी आदि के उत्पादन को बेहतर करने की तरीके, रोग, उपाय आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर शिक्षिका श्रीमती दास, मिथलेश कुमार, कामदेव जंघेल आदि मौजूद थे।

### गुहा जयंती पर निकली शोभायात्रा

**टाटेकसा।** निषाद समाज कोठीटोला परिक्षेत्र के तत्वावधान में 22 जनवरी को मांगीखुटा में भगवान राम के भक्त महाराज गुहाराज निषाद की जयंती



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता एवं गुहा राज निषाद की शोभायात्रा राऊत नाच के साथ निकाला गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य थनवार मंडावी थे। अध्यक्षता समाज के पचगहिया अध्यक्ष विजय निषाद ने की। मुख्य अतिथि श्री मंडावी ने महाराज गुहाराज निषाद की जीवन गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कमलेश निषाद, विजय विश्वकर्मा, सीताराम, धिराजूराम, प्रमोद निषाद, भरत निषाद, आत्माराम, गैंदालाल, राजकुमार, सुमेरी, राजेश, अशोक, दौवाराम, रामनाथ, रवि, गोविंद आदि उपस्थित थे।

### धनंजय को राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

**सड़क अतरिया।** बारहवीं बोर्ड परीक्षा में कला संकाय से छत्तीसगढ़ में



प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ठाकुरटोला के छात्र धनंजय साहू को शुक्रवार को राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गोल्ड मेडल तथा 1.50 लाख प्रदान कर सम्मानित किया। धनंजय के पिता कृष्णा कुमार साहू कृषि कार्य कर बच्चों को शिक्षा दिलाने हमेशा प्रयासरत रहते हैं। मां सुक्रेती बाई, भाई देवकुमार साहू बहन भीनू साहू भी अध्ययन में भाई की मदद करते है। धनंजय के सम्मानित होने पर साहू समाज की ओर से युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अनुज साहू ने बधाई दी है। वही शाला के प्राचार्य बलदाऊ जंघेल, शिक्षक प्यारेलाल फूलमाली, ढालसिंह नायक, लिलेन्द्र वर्मा, मनोहर चंदेल, श्री वैष्णव, श्री राजपूत, श्री मौर्य, श्री साहू, श्री वर्मा, श्रीमती साहू ने बधाई दी है।

## देखते ही देखते फैलती गई आग, 6 घंटे बाद आग पर नियंत्रण

# आगजनी से सत्रह एकड़ का पैरावट जलकर खाक, हजारों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम खैरबना में शुक्रवार रात आगजनी की घटना हुई। ब्यारा में रखे तीन किसानो का सत्रह एकड़ का पैरा जलकर राख हो गया। आगजनी इतनी भीषण थी कि पूरा गांव सहम गया है। आधे से ज्यादा लोगों ने रतजगा कर आग पर काबू पाने प्रयास किया।

जानकारी अनुसार गांव में नवधा रामायण पाठ का शनिवार को समापन करीब साढ़े 11 बजे होने वाला था। इसी दौरान आगजनी की घटना हो गई। स्कूल समीप ब्यारा में सहदेव पटेल, जहल और साहदूर का करीब 17 एकड़ का पैरा तीन अलग अलग ढेर में रखा था। आग पहले बीच के पैरावट में लगी फिर दो अन्य पैरा के ढ़ेर तक पहुंच गई। भीड़ जब मौके पर पहुंची तब तक आग भयानक रूप ले चुकी थी। आग की आंच, धुआं दूर तक जा रही थी। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना दमकल विभाग को दिया और अपने स्तर पर आग पर काबू करने का प्रयास किया।

## रातभर आग बुझाने जुटे रहे ग्रामीण

### गांव में तीसरी घटना

आगजनी के कारण का पता नहीं चला है। पखवाड़े भर में गांव में यह तीसरी घटना है। घटना की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार एवं जनपद सभापति डोमार सिंह भेड़िया ने घटना पर अचरज जताते हुए प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।



### रातभर गांव वाले सहमे रहे

आग लगते ही गांव वाले सहम गए थे। आगजनी इतना भयानक थी आग की आंच दूर तक जा रही थी। धुआं और चिंगारी भी उड़ रही थी जिससे आगजनी के और बढ़ने का डर बना था। गांव वाले रातभर रतजगा कर आग को बुझाने और निगरानी करने में लगे रहे।

### तीन दमकल पहुंचे मौके पर

आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग से अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा किन्तु तब तक तीनों पैरा के ढ़ेर में लगी आग भयानक रूप ले चुकी थी। आग की विभिषिका को देखते हुए दो अन्य दमकल बुलाया गया। ग्रामीण भी समीप के पांच बोर से पाइप बिछा कर आग बुझाने जूटे रहे। लगातार छह घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

### अंग और देह सुरक्षित रखने का प्रबंध करे सरकार

**डोंगरगढ़।** मृत्योपरांत अंगदान को राजकीय सम्मान देने संबंधी प्रस्ताव पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में देहदान कर चुके लोगों और उनके परिजनों के साथ हुए व्यवहार पर सवाल खड़े होते रहे हैं। उन्होंने बताया कि अंगदान और देहदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है, लेकिन सम्मान की बात तभी सार्थक होगी जब देहदान कर चुके लोगों और उनके परिवारों को न्याय मिले। उन्होंने बताया कि शासकीय अस्पताल राजनांदगांव के सेवानिवृत्त वार्ड बॉय केवल वर्मा ने देहदान किया था, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण पहलू यह रहा है कि उनके परिवार को अपमान का सामना करना पड़ा। 24 सितंबर 2025 को स्व केवल वर्मा के परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन एवं शासकीय अस्पताल के अधिकारी को सूचना देने के बावजूद मृत शरीर को सुरक्षित रखने के लिए फ्रीजर तक उपलब्ध नहीं कराया गया। अधिकारियों ने शव रखने की व्यवस्था नहीं की बात कहकर अंतिम संस्कार करवा दिया। उन्होंने कहा कि यह घटना देहदान जैसी पवित्र परंपरा के प्रति सरकारी उदासीनता को उजागर करती है। उन्होंने अस्पतालों में पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो।

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है पशुपालन: जागृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

रेंगाकठेरा में पशुपालन को बढ़ावा देने एवं पशुपालकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी एवं मेला उत्सव का आयोजन शुक्रवार को गौठान में किया गया। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. अनूप चटर्जी के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु थी।

इस मौके पर श्रीमती यदु ने पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बताते हुए कहा कि पशुपालक यदि वैज्ञानिक तरीके से



पशुपालन करें तो आय का सशक्त माध्यम बन सकता है। उन्होंने शासन की योजनाओं का किसानों एवं पशुपालकों से लाभ उठाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, जनपद सभापति जया साहू, उमेश साहू, दीपक पटेल, क्रांतिबाई चन्द्रवंशी, हरिलाबाई साहू, सरपंच मधु ओमेश यदु, पशु चिकित्सक महेश केसरवानी आदि उपस्थित थे।

### विभिन्न नस्लों के पशु पक्षियों का प्रदर्शन

पशु प्रदर्शनी में विभिन्न नस्लों की गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य पशु-पक्षियों का प्रदर्शन किया गया। पशुधन विकास विभाग के अधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उत्कृष्ट पशुओं एवं प्रगतिशील पशुपालकों को सम्मानित किया गया।

## ठेकेदार के घर चोरी की नीयत से घुसे नकाबपोश

- सीसीटीवी की मदद से एक आरोपी पकड़ाया
- बोलोरो से आए थे चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर के वार्ड नं. 2 पंडरिया निवासी एक सिविल ठेकेदार के घर बुधवार की रात चार अज्ञात बदमाशों ने चोरी की नीयत से धावा बोल दिया। सतर्कता के चलते एक आरोपी को रंगे हाथों पकड़ा गया है, जबकि अन्य साथी कार में सवार होकर भागने में सफल रहे। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी किशन लाल यादव, जो पेशे से सिविल ठेकेदार हैं, बुधवार रात करीब 10 बजकर 30 मिनट को काम से वापस लौटे थे। रात करीब 11 बजे जब वे अपने बच्चों से बात कर रहे थे, तभी बोलेरो कार में सवार होकर आए चार बदमाश उनके घर में दाखिल हुए। शिकायत के मुताबिक, आरोपी प्रमोद राजपूत ने अपना चेहरा कपड़े से ढका हुआ था और वह घर के तीन दरवाजे पार कर अंदर तक घुस आया था। उसका उद्देश्य घर में रखी योध्दा पिकअप और ब्रेजा कार की चाबियां तथा नकदी चोरी करना था।

### तत्परता से पकड़ाया आरोपी

घर में आहट मिलते ही किशन यादव ने तत्परता दिखाई और आरोपियों का पीछा किया। उन्होंने भाग रहे एक आरोपी प्रमोद को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने साथी सोनू पिता सल्लू मुसलमान निवासी गंडई और छुईखदान से आए दो अन्य व्यक्तियों के साथ चोरी करने आया था। इस पूरी वारदात का वीडियो घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गया है। प्रार्थी ने पुलिस को लिखित शिकायत के साथ सीसीटीवी फुटेज भी साक्ष्य के रूप में सौंप दी है।

## सांसद ट्रॉफी क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुज्जी

सांसद संतोष पाण्डेय ने बड़गांव चारभाठा मैदान में आयोजित सांसद ट्रॉफी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा ने बताया कि सांसद ट्रॉफी का आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने तथा युवाओं की खेल प्रतिभा को नई दिशा देने के उद्देश्य से किया गया है।

मुख्य अतिथि सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन निर्माण का सशक्त माध्यम है। खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। जब युवा मैदान से जुड़ता है, तो वह नशे और भटकाव से दूर हो जाता है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि सांसद ट्रॉफी जैसे आयोजन समाज के लिए आवश्यक हैं।

### खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल

पहले दिन रतनभाट, चंदिया, बेलरगोंदी, अछोली, दर्री, रूढ़गांव, सुखरी और रामपुर की टीमों का मैच हुआ। इस दौरान जिला भाजपा महामंत्री सौरभ कोठारी, प्रदेश प्रवक्ता कैलाश शर्मा, अंजू त्रिपाठी, बोधन साहू, रामकुमार गुप्ता, गुलशन हिरवानी, जिपं सदस्य गोपाल भुआर्य, हृदयराम देवांगन, कांता साहू, कोमल सिन्हा, मुकेश साहू, अनिरुद्ध चंद्राकर, सुंदरलाल साहू, दिलीप साहू, दिग्विजय मिश्रा, हेमंत खरे, कपिल बघेल, ठाकुरराम यादव, मनीष साहू, रूपेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### शिशु मंदिर में वार्षिकोत्सव 26 को

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में आगामी 26 जनवरी को दोपहर 12 बजे से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधायक विनोद खांडेकर करेंगे। कार्यक्रम में तिलक सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जनपद सदस्य तुलसी साहू, सरपंच लक्ष्मी वर्मा, उपसरपंच विरेन्द्र हिरवानी, संस्था के अध्यक्ष टीआर हिरवानी, कोषाध्यक्ष बहुरसिंह साहू, व्यवस्थापक मुरली साहू, एलएल साहू, युगराज जैन, जेआर साहू, रामदिल वर्मा, चंद्रकांत देवांगन, मानिक गुप्ता शामिल होंगे।

## स्कूलों में विविध धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन, सभी ओर दिखा उल्लास

# बसंत पंचमी पर दिखा देवी और प्रकृति पूजा का संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्राथमिक शाला घोटिया में बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। इसी दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। अतिथियों ने मां सरस्वती की महिमा बच्चों को बताया। आजादी के आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान संजय उईके, सुरेश सिन्हा, रामकुमारी मंडावी, देवेंद्र नागर, महेंद्र कंवर, धनराज वर्मा, विजेंद्र वर्मा, श्री गायकवाड, सुखदेव यादव, अहिल्याबाई, रैनीबाई, लीलाबाई, फुलकेशर बाई, रज्जू बाई सहित अन्य उपस्थित थे।

**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में बसंत



पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। मां सरस्वती की पं बाबूलाल महराज ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना किया। सरस्वती की भक्ति में गीत प्रस्तुत किया गया। शिशु मंदिर के भैया बहनों ने सरसो के फूल, आम की बौर, गेहूं की बाली, बेर, नारियल, केला से मां सरस्वती का श्रृंगार किया। प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संजीव वर्मा, लक्ष्मी गुप्ता, धनेश्वरी वर्मा, प्रीति वर्मा, खुशबू कुर्रे, निशा चंदेल, अनिता पाल, नेमा वर्मा, दीप्त साहू, त्रिवेणी साहू, सोनम साहू, देवेन्द्र मैथिल क्षत्रिय, नीलमणि मौजूद थे।



**बांधाबाजार।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला जोशीलमती के संयुक्त तत्वावधान बसंत पंचमी हर्षोल्लास से मनाया गया। धनुक लाल पाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे शामिल हुए। मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। बच्चों ने चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस मौके पर परमेश्वर चन्द्रवंशी ने बच्चों को पढ़ाई पर अधिक ध्यान देने प्रोत्साहित किया। इस दौरान अशोक पटेल, धनुकलाल पाल, परमेश्वर चन्द्रवंशी, मोनालिसा महला, योगेश्वरी साहू, राकेश खोब्रागढे, रितेश चक्रधारी, अखिलेश सिन्हा, टोमन चन्द्रवंशी आदि शामिल हुए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। यह जानकारी राकेश खोब्रागढे ने दी।



**टेड़ेसरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती पूजन, 25 भैया बहनों का विद्यारंभ संस्कार, यज्ञ, हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनिल साहू, उपाध्यक्ष संध्या पांडे, सह सचिव सिया सैनी, जमुना साहू, रामविलास साहू शामिल हुए। भैया बहनों ने माँ शारदा की वंदना, गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। नवीन बच्चों का तिलक वंदन कर पट्टी मे प्रणव अक्षर ओंम, स्वस्तिक बनाकर लेखन कार्य प्रारंभ कराया गया। अंत में खीर वितरण किया गया। इस दौरान मोनिता साहू, मेनका निषाद, तिरंजा बिसेन, प्रेमा गंजीर, रूपा साहू, तिलोका यादव, योगेश्वरी वर्मा, चाकेश्वरी साहू, हिना यादव, भावना यादव मौजूद थी। यह जानकारी प्रधानाचार्य धनीराम यादव ने दी।



**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में बसंत पंचमी और सुभाषचंद्र बोस जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक और टीएल देवांगन ने की। अतिथि व्याख्याता बिंदु पटेल ने सरस्वती वंदना तथा व्याख्याता रेशमी साहू ने सरस्वती मां की आराधना स्वरचित कविता के माध्यम से की। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन कार्यक्रम प्रभारी अजय पाठक ने किया। इस मौके पर मानसेवी भृत्य कुंदन यादव का सम्मान किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, पीटीआई रीना बोरकर, भागवत साहू, वेदप्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, चंद्रप्रकाश सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु साहू आदि उपस्थित थे।



**खड़गांव।** स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं इंग्लिश माध्यम विद्यालय खडगांव में धूमधाम से बसंत पंचमी मनाई गई। बसंत पंचमी के मौके पर मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया। शुरुआत में प्राचार्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान समस्त शिक्षक पीले रंग का पोशाक पहने हुए थे। छात्राओं ने सरस्वती वंदना, सुविचार एवं कविताएं प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य ने बसंत पंचमी के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन के मार्ग पर चलने प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### कुकुरमुड़ा, खैरबना में नवधा सम्मेलन



**सड़क अतरिया।** ग्राम कुकुरमुड़ा में मानस मंडली एवं ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय नवधा सम्मेलन का आयोजन किया गया। पहले दिन विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया। आयोजन में दो दर्जन मंडली अपनी प्रस्तुति दिया। सभी मंडली को सम्मानीत किया गया। समापन मौके पर सरपंच संतोष यदु, राजकुमार साहू, संजय वैष्णव, रूपेन्द्र वैष्णव, अशोक साहू, बेदू पाल, दुखुराम, पदुम, चुनुराम साहू, हेमंत साहू, लाला राम अन्य ग्रामीण मौजूद थे। इसी प्रकार खैरबना में भी नवधा सम्मेलन का आयोजन हुआ।

### विक्रम ठाकुर को सड़क सुरक्षा मितान सम्मान



**छुईखदान।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग ने साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया। सम्मान समारोह में छुईखदान के वरिष्ठ पत्रकार विक्रम सिंह ठाकुर को परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा मितान (राजवीर) सम्मान से सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि परिवहन विभाग द्वारा यातायात एवं सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। विक्रम ठाकुर ने गत वर्ष जिले में सड़क दुर्घटनाओं में घायल सर्वाधिक लोगों को अस्पताल पहुंचा कर घायलों की प्राण रक्षा करने में मदद की है। श्री ठाकुर को राज्य स्तरीय सम्मान मिलने पर प्रेस क्लब छुईखदान, जय जगन्नाथ सेवा समिति, राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ उपसमिति छुईखदान सहित अन्य ने बधाई दी है।

## निधन

### के.तुषार नारायण

**राजनांदगांव।** नीलगिरी पार्क निवासी के.तुषार नारायण सुपुत्र



केवीएस नारायण जो थर्मोकेयर रॉकवुल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में जीएम पोस्ट में कार्यरत थे, का आकस्मिक निधन 24 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा कल 25 जनवरी को सुबह 10 बजे उनके निज निवास नीलगिरी पार्क से मठपारा मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### महापंचायत में आंदोलन जारी रखने का ऐलान

# सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ किसानों का बिगुल, पंडरिया भाठा में महापंचायत

## हजारों किसानों ने जमीन वापसी की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

क्षेत्र में प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री परियोजना को रद्द कराने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में विचारपुर पंडरिया भाठा में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया जहॉं मौजूद हजारों किसानों ने एक स्वर में परियोजना के विरोध और जमीन वापसी की मांग रखी।

इस दौरान किसानों ने सर्वसम्मति से तीन बड़ा निर्णय पहला सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों से खरीदी गई जमीन उसी कीमत पर वापस लेने, दूसरा जब तक प्रस्तावित सीमेंट परियोजना पूरी तरह रद्द नहीं होती तब तक आंदोलन और विरोध लगातार जारी रखने और तीसरा महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया। किसानों ने एकजुटता बनाए रखने और किसी भी प्रकार के दबाव में न आने का संकल्प जाहिर करते हुए कहा कि आंदोलन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है। किसी भी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध की चर्चा नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के संघर्ष का श्रेय कोई व्यक्ति या दल नहीं ले यह किसानों की सामूहिक लड़ाई है। महापंचायत में मोतीलाल जंघेल, राजकुमार जंघेल, मन्नू चंदेल, संजू जंघेल, रमेश साहू, श्रवण जंघेल, कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह, मुकेश पटेल, बीरेंद्र जंघेल, केदार जंघेल, मंगलू राम साहू, अमर साहू, प्रियंका जंघेल, लक्की जंघेल, पवन जंघेल, कुमार यादव, सजन साहू, सहित हजारों किसान मौजूद थे।

महापंचायत में पारित निर्णय अनुसार किसान अधिकार संघर्ष समिति 29 फरवरी को प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपेगी। फरवरी और मार्च में प्रत्येक गांव से प्रतिनिधियों की बैठकों के माध्यम से आंदोलन की रणनीति को और मजबूत किया जाएगा। महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किसानों ने पहले ही दिन ढाई लाख से उपर की राशि एकत्रित हुई जो मुख्य रूप से एक-एक रुपये के सिक्कों और छोटे नोटों के रूप में आई। यह राशि किसानों की सामूहिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक मानी जा रही है। इसके साथ ही 55 गांवों से किसानों द्वारा अपने खेतों की मिट्टी लाकर मंदिर की नींव में डाली गई। विशेष रूप से वृंदावन और प्रयागराज की पवित्र मिट्टी भी इस अवसर पर लाई गई जिसे नींव में शामिल किया गया। किसानों ने इसे आंदोलन की सांस्कृतिक और धार्मिक एकता से जोड़कर देखा। वही मंदिर निर्माण समिति का गठन कर वीरेंद्र जंघेल विचारपुर को अध्यक्ष बनाया गया। मंदिर का प्रारंभिक निर्माण तुरंत शुरू किया जाएगा और 2 अप्रैल हनुमान जयंती के दिन प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। उसी दिन इसी स्थल पर फिर से महापंचायत और विशाल भंडारे का आयोजन होगा।



### संघर्ष जारी रहेगा

किसान अधिकार संघर्ष समिति अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि हनईबन नीलामी और संडी जनसुनवाई का निरस्त होना यह साबित करता है कि जब किसान संगठित होकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक अपनी बात मजबूती से रखते हैं, तो शासन को झुकना पड़ता है। यह केवल एक नीलामी रद्द होने का मामला नहीं है, बल्कि हमारी जमीन, पानी और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा की दिशा में पहली बड़ी जीत है। हम साफ कहना चाहते हैं कि जब तक पूरे परिक्षेत्र की परियोजना स्थायी रूप से निरस्त नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

### अस्मिता और अस्तित्व की लड़ाई

समिति संरक्षक गिरवर जंघेल ने कहा कि यह संघर्ष किसी व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि पूरे अंचल की अस्मिता और अस्तित्व की लड़ाई है। किसानों ने यह साबित कर दिया कि जनभावना के खिलाफ कोई भी परियोजना थोपी नहीं जा सकती। नीलामी और जनसुनवाई का निरस्त होना इसका प्रमाण है, लेकिन आधे फैसले से संतोष नहीं है। संयोजक सुधीर गोलछा ने कहा कि महापंचायत में लिया गया 24 घंटे का अल्टीमेटम किसी को धमकी देने के लिए नहीं बल्कि जनता के सामने सच्चाई स्पष्ट करने के लिए दिया गया है। हमारी स्पष्ट मांग है कि पूरी खनन और सीमेंट फैक्टरी परियोजना को हमेशा के लिए बंद किया जाए।

# नगर पंचायत अध्यक्ष की अनदेखी से आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

गणतंत्र दिवस शहीद नगरी छुईखदान में धूमधाम और गौरव के साथ मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र से नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम गायब होना नगर में आक्रोश का कारण बन गया है।

ज्ञात हो आमंत्रण पत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम न होने से पार्षदों और नगरवासियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में नगर के वरिष्ठ नागरिक संजय महोबिया ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस नगर में कार्यक्रम आयोजित हो रहा है, उसी नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम आमंत्रण पत्र में शामिल नहीं किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सज्जाक खान ने प्रशासन से नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम कार्यक्रम में शामिल करने हेतु निवेदन किया है।

### एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन

इस पूरे मामले को लेकर नगर पंचायत छुईखदान के पार्षदों एवं नगरवासियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम तत्काल आमंत्रण पत्र में शामिल कर सार्वजनिक रूप से प्रसारित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राज गिरिराज किशोर दास, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय महोबिया, जिला कांग्रेस महामंत्री सज्जाक खान, उपाध्यक्ष प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, प्रेम सिंह पाल, संजू नेताम, शैलेन्द्र तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### पार्षदों ने दी शिकायत की धमकी

उन्होंने कहा कि परंपरानुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष करते हैं और जनपद पंचायत अध्यक्ष मुख्य अतिथि होते हैं। यदि इस त्रुटि को तत्काल नहीं सुधारा गया, तो इसकी शिकायत राज्यपाल से की जाएगी। वहीं नगर पंचायत के पार्षद प्रकाश महोबिया, मनीष कोचर, प्रेमसिंह पाल, संजू नेताम ने इसे प्रशासन की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि यह नियमों के विपरीत है, जिससे शहीद नगरी की गरिमा को ठेस पहुंची है। इस मुद्दे को लेकर नगर में राजनीतिक और सामाजिक माहौल गरमा गया है।उल्लेखनीय है कि छुईखदान नगर ने पूरे राज्य और क्षेत्र को सबसे अधिक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दिए हैं। ऐसे गौरवशाली नगर में शासकीय कार्यक्रम से नगर पंचायत अध्यक्ष का नाम गायब होना, नगर को नीचा दिखाने जैसा प्रतीत होता है।

# कन्या शाला में सेवानिवृत्त शिक्षक को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

■ पूर्णकालिक प्राचार्य का किया स्वागत

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की आवश्यक बैठक प्राचार्य डॉ कमलेश्वर सिंह, शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष आलोक श्रीवास, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, विधायक प्रतिनिधि आरती यादव, आयश सिंह बोनी, अयूब सोलंकी पूर्व प्राचार्य डॉ साधना अग्रवाल सहित अन्य की मौजूदगी मे रखी गई।

बैठक में बीते 25 सालों से शाला में कार्यरत व्याख्याता डॉ कमलेश्वर सिंह को उसी शाला में ही पूर्णकालिक रूप में प्राचार्य नियुक्त होने पर अभिनंदन किया गया वही 31 जनवरी 26 को अर्धवार्षिकी पूर्ण कर कार्यरत व्यायाम शिक्षक कन्हैया लाल पटेल के सेवाकाल का स्मरण कर उन्हें उपहार भेंटकर विदाई दी गई। बैठक में शाला विकास को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई जिसमे शाला में दर्ज संख्या के अनुपात में स्वीकृत 20 व्याख्याता के विरुद्ध मात्र 7 व्याख्याता कार्यरत है शेष की पूर्ति पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति से करने शासन से पत्र व्यवहार करने, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से संबद्ध जर्जर भवन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला का तोड़कर उसकी जगह पर नए भवन निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजने निर्णय लिया गया। सड़क से उत्तर, दक्षिण और पश्चिम भाग में शाला परिसर की खाली जगह मे कॉम्प्लेक्स निर्माण के लिए आवश्यक कारवाई करने का निर्णय लिया गया।



### अगले साल होंगे सौ साल पूरे

प्राचार्य डॉ सिंह ने भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन का आय व्यय प्रस्तुत कर सफल आयोजन के लिए शाला विकास समिति के सदस्यों, दानदाताओं, शिक्षको का आभार व्यक्त किया। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कन्या शाला में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखने और शाला की अधोसंरचना को मजबूत करने की अपील करते हुए 2027 में शाला स्थापना के सौ साल पूरे होने पर भव्य कार्यक्रम के लिए जुटने कहा। इस अवसर पर शाला के पूर्व छात्रा और सेनि शैक्षणिक स्टाफ के जयलक्ष्मी सिंह, डॉ माधुरी सिंह, डॉ साधना अग्रवाल, तृप्ति सिंह, जयलक्ष्मी सिंह, शीला सिंह और नेहा सिंह ने शाला, संकाय और शहर स्तर पर वार्षिक परीक्षा मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र छात्राओं को 51-51 सौ प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। इस दौरान शाला स्टाफ के लोग मौजूद थे।

# सांस्कृतिक आयोजन और भारत माता की आरती के साथ स्वदेशी मेले की बढ़ी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

■ स्वदेशी मेला में यातायात की व्यवस्था के लिए समिति ने की नई पहल

स्टेट हाईस्कूल में 22 से 28 जनवरी तक लगने वाले स्वदेशी मेले में शहर की जनता का आशीर्वाद मेले को मिल रहा है। लगातार भीड़ बढ़ती जा रही है। जिसके कारण आयोजक समिति ने यातायात की विशेष व्यवस्था की है। विदित हो कि देश को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वदेशी मेले के इस विशेष प्रयासों के कारण अब लोगों का दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का चयन तेजी से बढ़ा है।

आयोजन समिति ने आम जनता से निवेदन किया है कि शहर के मध्य स्थित इस मेले में बनते तक वाहन ले कर ना आए। द्वार क्रमांक 01 खैरागढ़ ओवरब्रिज की तरफ से द्वार के अंदर पैदल आने वाली जनता को ही प्रवेश दिया जाएगा। इस द्वार से आने वाली जनता अपने वाहन नगर निगम ऑफिस अथवा दिग्विजय क्लब मैदान में खड़ा कर ही अंदर आ सकेंगे। द्वार क्र. 2 जीई रोड म्युनिसिपल स्कूल के सामने से प्रवेश करने वाली जनता अपने दोपहिया वाहन, साइकिल स्कूल प्रांगण में रखकर ही मेले में प्रवेश कर सकते हैं। यह द्वार दोपहिया वाहनों के लिए ही रहेगी। कार से आने वाली जनता द्वार क्र. 3 से लॉ कॉलेज के बाजू से अंदर आने पर पार्किंग कर मेले में प्रवेश कर सकेंगे।



### भारत माता की आरती रही आकर्षण का केंद्र

चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने स्वदेशी मेले में अपनी भूमिका निभाते भारतमाता की आरती का आयोजन प्रतिदिन किया जाता है। इसी कड़ी में 24 जनवरी को नगर निगम के पार्षदों द्वारा भारत माता की आरती में शामिल हुए और सामुहिक रूप से भारतमाता की आरती गाई गई। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने पार्षदों का स्वागत अभिनंदन किया।

### सुभाष जयंती पर हुआ देशभक्ति आयोजन

आयोजन समिति के संयोजक विनोद डड्ढा एवं स्वागत समिति के संयोजक योगेश बागड़ी ने बताया कि 23 जनवरी को मंच के माध्यम से सुभाष जयंती के उपलक्ष्य मे रिटायर्ड सैनिकों एवं सेवानिवृत सेना के अधिकारियों का सम्मान किया गया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बलिदान को याद करते उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात देशभक्ति गीत के माध्यम से स्वदेशी मेला जोश और उत्साह से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम का संचालन शरद श्रीवास्तव एवं विजय मानिकपुरी ने किया।

### मनोविकास पर आधारित विशेष सेमिनार आयोजित

# आत्म अनुशासन और सामाजिक जीवन से होता है व्यक्ति मजबूत : डॉ. प्रमोद गुप्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

देश की प्रथम शिक्षिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले की स्मृति में इंदिरा कला संगीत विवि सभागार में शिक्षा सहित मनोविकास पर आधारित विशेष सेमिनार का आयोजत किया गया।

स्वास्थ्य प्रबंधन, कार्यों का दबाव और सफल व्यवहारिक विधियां सहित शैक्षिक विकास, छात्र और शिक्षक की चुनौतियों और समाधान विषय पर शैक्षिक प्रगतिशील मंच, देश की बात फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सेमिनार हुआ।

मुख्य वक्ता मनोचिकित्सक डॉ प्रमोद गुप्ता ने जीवन के दबाव, तनाव प्रबंधन और मानसिक संतुलन पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सकारात्मक संवाद, आत्म अनुशासन और सहायक सामाजिक वातावरण व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को व्यवहारिक तकनीकों के माध्यम से जीवन में संतुलन बनाने, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास बढ़ाने का उपाय बताते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की मजबूती से ही शिक्षा और सामाजिक विकास की नींव मजबूत होती है। विशेष वक्ता डॉ एमएस भदौरिया ने मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कार्यस्थल पर संतुलन, सहकर्मियों के साथ सहयोग और भावनात्मक समझ को उत्पादकता की कुंजी बताया और कहा कि सकारात्मक कार्य संस्कृति से संस्थान ही नहीं बल्कि समाज भी सशक्त होता है।

### जनसरोकार की भूमिका को किया रेखांकित

जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने प्रशासनिक सेवा में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनसरोकार की भूमिका को रेखांकित किया। डीएफओ पंकज सिंह राजपूत ने स्वस्थ जीवनशैली, अध्ययन तकनीक और प्रकृति से जुड़ाव को मानसिक सुदृढ़ता के लिए आवश्यक बताया। अपने श्रम से जीवन चलाने का प्रेरक उदाहरण देने वाले चिंताराम कोठले और बिसेशर गढेवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए संजय जांगड़े उद्यानिकी, सुनील बंजारे महिला एवं बाल विकास विभाग, डिंपल ठाकुर जिला शिक्षण संस्थान, डिगेश्वरी साहू आजीविका मिशन, पूजा पांडेय और जितेंद्र धनकर को सम्मानित किया गया। इस दौरान खिलेश्वरी साहू, डॉ नागेश सिमकर, भगवती सोनकर बालोद, डॉ दिनेश सारथी, मंशाराम सिमकर, नरेंद्र सोनी, दिनेश साहू, इला पटेल, कमलेश्वर सिंह, युगल किशोर भिलाई, वैद्यनाथ वर्मा, अजय जैन, खेमराज जैन, शैलेन्द्र मिश्रा, अनिल साहू, भुवनेश्वर वर्मा, डॉ भोलाराम साहू, फूलदास साहू, ममता वर्मा, दामिनी साहू सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूनम सुरेखा गोपाल और विप्लव साहू व संयोजन नीलेश यादव ने किया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया



ग्राम मरदकठेरा में अध्यात्म की गंगा बहनी शुरू हो गई है। ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य शुभारंभ मंगलवार को मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। यह धार्मिक आयोजन 31 जनवरी तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे। कथा के प्रथम दिवस ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकली इस यात्रा में ग्राम की सौभाग्यवती महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। पूरे गांव का वातावरण जय श्री कृष्णा और राधे-राधेमय हो गया। इस यज्ञ के मुख्य कथा व्यास नारायण त्रिभुवन प्रसाद चौबे हैं, जिनके मुखारविंद से भक्तगण भागवत महिमा का रसपान करेंगे। कथा में परायणकर्ता के रूप में कपिल नारायण जोशी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य यजमान गोपाल जंघेल एवं श्रीमती कोमलबती जंघेल हैं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर जुटे हुए हैं। कलश यात्रा और व्यवस्थाओं में मुख्य रूप से शत्रुहन मन्नू चन्देल, दीना जंघेल, चमार वर्मा, चैतराम साहू, रेधउ साहू, भारत साहू, डोपलाल साहू, लच्छु साहू, दिलेश साहू, रामस्वरूप साहू, रामनाथ जंघेल, नारायण वर्मा, पुनऊ जंघेल और रंमगूलाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया। आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति का नांदगांव में भव्य स्वागत



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव माहेश्वरी महिला मंडल ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योति राठी का भव्य स्वागत, अभिनंदन एवं मकर संक्रांति उत्सव एबीस ग्रीन में किया। जिसमें समाज की लगभग 150 महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरंभ भगवान महेश को दीप प्रज्जवलित कर महेश वंदना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत गीत अरूणा सोनी, पिंकी धूत एवं विनीका डागा द्वारा प्रस्तुत किया गया। मकर संक्रांति उत्सव पर अलग-अलग राज्य की छंटा दिखाई गई। जिसमें राजस्थान को प्रेरणा, प्राची चितलांगिया एवं अनुभा भूतड़ा ने दर्शाया। गुजरात को नीलम, वैशाली पोरवाल और सोनल, सिमरन लड्ढा तथा महाराष्ट्र राज्य पल्लवी, नीता, वैशाली पोरवाल एवं तोशिका बागानी ने प्रस्तुत किया।

राम मंदिर की वर्षगांठ पर भक्तिमय राम प्रस्तुति दीपा बागड़ी, अमिता मूंदड़ा, माया सुषमा राठी, रेनू चितलांग्या एवं वर्षा, सरिता डागा द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसमें भगवान श्रीराम के रूप मे समृद्धि माहेश्वरी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की संयोजिका अलका सुरजन ने कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व से संचालन किया।

### सेक्टर स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित



**राजनांदगांव।** जिला मुख्यालय में शासन के खेल कैलेंडर अनुसार सेक्टर स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन दिग्विजय कॉलेज के क्रीड़ा अधिकारी अरूण कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में गुजराती विद्यालय के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य सुषमा शुक्ला की अध्यक्षता में हुआ। डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि खो-खो एक पारंपरिक खेल रहा है, जो आज राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। प्रतियोगिता में कुल 10 महाविद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का प्रथम सेमीफाइनल डोंगरगांव एवं अंबागढ़ चौकी महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें चौकी महाविद्यालय की टीम विजेता रही। द्वितीय सेमीफाइनल छुरिया एवं डोंगरगांव महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें छुरिया महाविद्यालय विजेता रही। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अंबागढ़ चौकी एवं छुरिया महाविद्यालय के मध्य खेला गया। जिसमें छुरिया महाविद्यालय विजेता रही। प्रतियोगिता के दौरान दीपक कुमार परगनिहा, परेश वर्मा, डॉ. नीता नायर, डॉ. मुन्नालाल नंदेश्वर, श्री सोनवानी, कुमारी रामेश्वरी, हेमनारायण, अनीता पोषार्य, मधु यादव, रामू पाटिल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के निर्णायक अजय रामटेक, सौरभ एवं ऋषिकेश मेश्राम थे।

### रायपुर में 29 से राज्य स्तरीय रोजगार मेला

**राजनांदगांव।** कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के पदों पर चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला में 30 जनवरी को राजनांदगांव जिले के आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। रोजगार मेला हेतु जिले के 2135 आवेदकों द्वारा पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया गया है। जिसमें 904 आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में पंजीकृत नहीं है। रोजगार मेला में शामिल होने रोजगार कार्यालय में पंजीयन होना अनिवार्य है। आवेदकों को राज्य स्तरीय मेला में शामिल होने के निर्धारित तिथि के पूर्व विभागीय वेबसाईट के माध्यम से एवं जिला रोजगार कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में उपस्थित होकर रोजगार पंजीयन करा सकते हैं।

### इंदामरा में भागवत ज्ञान यज्ञ 27 से



**राजनांदगांव।** ग्राम इंदामरा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ 27 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित है। इस आयोजन में व्यासपीठ से प्रवचन अयोध्या के पं. उमेश नारायण शास्त्री करेंगे। पारायणकर्ता पं. मनीष तिवारी होंगे। भागवत कथा दोपहर 01 से शाम 5 बजे तक होगा। उक्त जानकारी परमानंद वर्मा युवा कांग्रेस नेता एवं यदुनंदन वर्मा ने दी।

### सामाजिक बैठक 25 को

**राजनांदगांव।** जिला झेरिया धोबी समाज राजनांदगांव द्वारा समाजहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हेतु एक सामाजिक बैठक का आयोजन 25 जनवरी को सुबह 11 बजे से सामाजिक भवन झेरिया धोबी समाज, दीनदयाल नगर राजनांदगांव में आयोजित होगा। समाज के सचिव रोहित निर्मलकर के अनुसार बैठक में समाज के जिला पदाधिकारी, परिक्षेत्र अध्यक्ष/सचिव तथा समस्त कार्यकारिणी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### लोगों ने जलाए दीप



**राजनांदगांव।** बजरंगपुर वार्ड नं. 2 में अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूरे होने पर लोगों ने उत्सव मनाया। घरों में दीप जलाए और आंगन में रंगोली सजाई गई और भगवान राम की पूजा-अर्चना की। साथ ही प्राण-प्रतिष्ठा कर खुशियां मनाई।

### बढ़ते अपराध पर रोक लगाने की मांग



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में रविवार को टेडेसरा में विभिन्न मुद्दो को लेकर किसान, मजदूरों की बैठक में विस्तृत चर्चा कर आगे के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार किया। बैठक में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधायक जनकलाल ठाकुर, मेघदास वैष्णव, प्रेमनारायण वर्मा, बसंत साहू, सुकलाल साहू, रामचरण नेताम, सुरेन्द्र साहू, बलराम साहू, बंशी साहू, भूतपूर्व सरपंच देवलाल साहू, किसान नेता सुदेश टीकम, चंदू साहू आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। श्री ठाकुर ने कहा कि आज पूरे प्रदेश वर्ग के किसान, कर्मचारी, मजदूर परेशान हैं। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, स्वास्थ्यकर्मी, सफाईकर्मी, रसोईया, मितानिन, दैनिक वेतन भोगी, संविदाकर्मी नियमितीकरण वेतन बढ़ोत्तरी एवं अन्य सुविधाएं को लेकर शांतिपूर्ण धरना आंदोलन कर रहे हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि उद्योगों से निकलने वाले जहरीले प्रदूषणयुक्त पानी व धुंआ से आसपास के कृषि जमीन बंजर होते जा रहा है। जिले के कई उद्योग बंद पड़े हैं, सरकार बंद उद्योग को चालू कर क्षेत्र के लोगों को रोजगार प्रदान करें। सुदेश टीकम ने कहा कि पिछले सरकार की बकाया चौथे किस्त का बोनस भुगतान नहीं किए हैं। सोसायटी में धान खरीदी की तारीख को बढ़ाया जाए एवं किसानों से लिए जा रहे अवैध वसूली पर रोक लगाएं।

# अमन अक्षर की देशभक्ति कविताओं से सजेगा प्रेस क्लब का आवासीय परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर के पत्रकारों के आवासीय परिसर का 26 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह के हाथों लोकार्पण होने जा रहा है। उसी दिन पेयजल आपूर्ति के लिए प्रस्तावित संपवेल व ओवरहेड टंकी का भूमिपूजन भी होगा। गणतंत्र दिवस पर हो रहे इस आयोजन में राष्ट्रीय कवि अमन अक्षर की देशभक्ति कविताओं से समां बंधेगा। आयोजन की तैयारी को लेकर शनिवार को महापौर मधुसूदन यादव ने अपनी परिषद के प्रभारी सदस्यों के साथ कालोनी का अवलोकन किया। पूरा परिसर तिरंगा से तो सराबोर रहेगा ही, अमर अक्षर के एकल काव्य पाठ से समूचा वातावरण देशभक्ति के संदेशों से भी सराबोर रहेगा। कालोनी में पेयजल व्यवस्था के लिए संपवेल और ओवरहेड टंकी के लिए भी उसी दिन भूमिपूजन किया जाएगा। शनिवार को महापौर यादव ने एमआइसी मेंबरों व नगर निगम अतुल विश्वकर्मा के साथ कालोनी का अवलोकन किया। इस दौरान उदघाटन-भूमिपूजन समारोह की तैयारियों को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। समारोह को यादगार बनाने पूरा प्रशासन लगा हुआ है। अवलोकन के दौरान सभापति पारस वर्मा, सावन वर्मा, आलोक श्रोती, राजा माखीजा, सुनील साहू, शैंकी बग्गा, वर्षा शरद सिन्हा, विजय राय आदि उपस्थित थे।

### दस एकड़ में सर्वसुविधायुक्त परिसर

बताया गया कि 10 एकड़ क्षेत्रफल में फैली इस कालोनी में सीमेंट की सड़क, कांक्रीट की नाली, बिजली, क्रीडा स्थल, बाउंड्रीवाल व उद्यान समेत सभी आवश्यक सुविधाएं जुटा ली गई है। पेयजल के लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृति के साथ ही निविदा की प्रक्रिया भी अंतिम चरण में है।

### अमन की आवाज में गूंजेगा राम गीत



अमन अक्षर गीत के क्षेत्र में एक नई पीढ़ी के उभरते सितारे हैं। वे मध्य प्रदेश के इंदौर के एक छोटे से गांव मुंडी से आते हैं। इतने छोटे से गांव से निकलकर लाखों भारतीयों के दिलों पर राज करने में उन्होंने बड़ी सफलता हासिल की है। उनके बेहद प्रसिद्ध राम गीत की कई महान हस्तियों ने सराहना की है। एक प्रसिद्ध युवा भारतीय कवि और गीतकार हैं, जो विशेष रूप से अपनी राम काव्य और रामभद्राचार्य के शिष्य के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने कई प्रसिद्ध गीतों और भजनों के बोल लिखे हैं। उन्होंने बालीवुड फिल्म आदिपुरुष के कुछ संवादों और गीतों के लेखन में भी योगदान दिया था।

## कलेक्टर ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

# गणतंत्र दिवस के लिए स्टेडियम में अंतिम रिहर्सल, परखी तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का रिहर्सल आज सुबह दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने रिहर्सल में मुख्य अतिथि का दायित्व निभाया। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने ध्वजारोहण किया एवं परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, सीएसपी वैशाली जैन, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण कर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अंतिम रिहर्सल कर व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री यादव ने कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल में बैठक व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से वीआईपी बैठक व्यवस्था के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शहीद जवानों के परिजनों, पत्रकारों एवं जनसामान्य के लिए भी बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समारोह स्थल की साज-सज्जा एवं सफाई व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। रिहर्सल के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई।

### परेड के साथ सांस्कृतिक आयोजनों की देखी तैयारी

रिहर्सल के दौरान परेड का नेतृत्व परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक लोकेश कसेर ने किया। उप निरीक्षक राकेश पटेल ने परेड टूआईसी का दायित्व निभाया। परेड में 14 प्लाटून भाग ले रहे हैं। रिहर्सल में आर्म्स प्लाटून में 40वीं बटालियन आईटीबीपी, 8वीं बटालियन सीएएफ, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (पीटीएस), जिला पुलिस बल महिला, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय (महिला), नगर सेना महिला तथा अनार्म्स प्लाटून में दिग्विजय महाविद्यालय नेवी (नेवल), दिग्विजय महाविद्यालय पुरूष, दिग्विजय महाविद्यालय महिला, कमलादेवी महाविद्यालय, स्टेट स्कूल बालिका, स्टेट स्कूल बालक, डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर नेवल, एमएलबी स्काउट-गाइड शामिल हुए।

### विस अध्यक्ष रमन करेंगे ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन 26 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि होंगे। विधानसभा अध्यक्ष द्वारा 26 जनवरी को सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा एवं परेड की सलामी ली जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण एवं संदेश वाचन किया जाएगा। समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन, हर्ष फायर एवं परेड का मार्च पास्ट, शहीद परिवारों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय झांकियों का प्रस्तुतिकरण एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### सांसद कप 2026 क्रिकेट स्पर्धा का फाइनल आज

**राजनांदगांव।** म्युनिस्पल स्कूल ग्राउंड में आयोजित वार्ड स्तरीय सांसद कप रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का कल 25 जनवरी को भव्य फाइनल खेला जाएगा।

पहला सेमीफाइनल वार्ड नं. 13 गौरीनगर विरूद्ध वार्ड नं. 3 मोतीपुर एवं दूसरा सेमीफाइनल वार्ड नं. 51 हल्दी विरूद्ध वार्ड नं. 6 चिखली के मध्य खेला जा रहा।

**आज होगा तगड़ा फाइनल-** दोनों सेमीफाइनल के विजेता टीमों के बीच कल 25 जनवरी को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। आयोजन समिति के प्रमुख हरीश शर्मा, अतुल रायजादा ने बताया कि इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। 24 जनवरी को आयोजित मुकाबलों के दौरान महापौर मधुसूदन यादव उपस्थित हुए और खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि "खेल प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच विकसित करती है। सांसद कप जैसे आयोजन नगर के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान कर रहे हैं।" महापौर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते मैन ऑफ द मैच पुरस्कार भी वितरित किए।

**यूट्यूब पर लाइव प्रसारण-** सांसद कप 2026 के सभी मैचों का यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जा रहा है। विमल एवं पिंटू की आकर्षक शैली वाली लाइव कमेंट्री ने दर्शकों के बीच खास आकर्षण बना रखा है। जिससे दूर-दराज के क्रिकेट प्रेमी भी घर बैठे मैच का आनंद ले रहे हैं। सांसद कप आयोजक अरविंद बैद, मुकेश शर्मा व मनोज निर्वाणी ने कहा कि रात्रिकालीन फ्लड लाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 नगर में खेल भावना, भाईचारे और सामाजिक सहभागिता को मजबूती देने वाला आयोजन है। खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देना और स्वस्थ समाज का निर्माण करना ऐसे आयोजनों का प्रमुख उद्देश्य है। उक्त जानकारी खेल मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### 30 से ऊर्जा संरक्षण पर पेंटिंग प्रतियोगिता

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के गौरवशाली अवसर पर एक विशेष ओपन पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के प्रतिभागी हिस्सा ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को ऊर्जा के महत्व और विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। ज्ञात हो कि ऊर्जा विभाग के रजत जयंती वर्ष 2025-26 के उपलक्ष्य में राजनांदगांव रीजन के अंतर्गत 04 जिलों के संभागीय एवं वितरण केन्द्र कार्यालयों में 30 जनवरी से 04 फरवरी तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागी अक्षय ऊर्जा स्त्रोत, ऊर्जा संरक्षण, विद्युत सुरक्षा में से किसी भी एक विषय पर अपनी कलाकृति बना सकते हैं। यह प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए खुली है। जिसमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने आवश्यक संसाधनों (कागज, रंग, ब्रश आदि) का प्रबंध स्वयं करना होगा। राजनांदगांव जिले के प्रतिभागी तैयार पेंटिंग को रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में प्रशासनिक अधिकारी नीरज देवांगन के पास जमा करा सकते हैं। पेंटिंग जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के समापन बाद विशेषज्ञ समिति द्वारा उत्कृष्ट पेंटिंग्स का चयन किया जाएगा। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

आवश्यकता है
1. कम्प्यूटर ऑपरेटर - 4 पद (वेतन 10,000/-)
(डीसीए, पीजीडीए वाले युवक-युवतियों को प्राथमिकता)
2. मेकेनिक - 4 पद (अनुभवी को प्राथमिकता)
3. ड्राईवर एवं सहायक - 2-2 पद
सिर्फ अनुभवी युवा दस्तावेज के साथ संपर्क करें.
मे. पदमा गैस एजेंसी
मोगरा कालोनी डोंगरगांव






## खबर संक्षेप



### पेंशनर एसोसिएशन संघ मिला एसबीआई ब्रांच मैनेजर से

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 22 जनवरी को पेंशनर एसोसिएशन जिला के पदाधिकारी द्वारा स्थानीय एसबीआई कवर्धा के ब्रांच मैनेजर से सौजन्य मुलाकात किया तथा नव-वर्ष की बधाई दी। ब्रांच मैनेजर एसबीआई कवर्धा ने पेंशनरों के हित में बैंक की पॉलिसी के बारे मे विस्तृत जानकारी दी तथा कहा कि इस वर्ष पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र हेतु स्टाफ बढ़ा दिया था और अलग से टेंट भी लगवा दिया था और सभी से ऑनलाइन व ऑफ लाइन फॉर्म भरवाया गया। पेंशनरों एसोसिएशन कबीरधाम जिला द्वारा ब्रांच मैनेजर को उनके अच्छे स्वास्थ्य कि कामना करते हुए भविष्य मंगलमय, उज्जवल हो कि कामना किया गया। इस अवसर पर पेंशनर एसोसिएशन कबीरधाम जिला के संरक्षक डॉ नरेश कुमार यदु, अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामगोपाल कौशिक, प्रकाश देवांगन, कैलाश शरण सिंह ठाकुर व धनुष ठाकुर उपस्थित थे। उक्त जानकारी विजय सिंह ठाकुर अध्यक्ष ने दी।

### महापंचायत में आंदोलन जारी रखने का ऐलान

# सीमेंट फैक्ट्री के खिलाफ किसानों का बिगुल, पंडरिया भाठा में महापंचायत

## हजारों किसानों ने जमीन वापसी की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

क्षेत्र में प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री परियोजना को रद्द कराने की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। इसी कड़ी में विचारपुर पंडरिया भाठा में विशाल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया जहॉं मौजूद हजारों किसानों ने एक स्वर में परियोजना के विरोध और जमीन वापसी की मांग रखी।

इस दौरान किसानों ने सर्वसम्मति से तीन बड़ा निर्णय पहला सीमेंट कंपनी द्वारा किसानों से खरीदी गई जमीन उसी कीमत पर वापस लेने, दूसरा जब तक प्रस्तावित सीमेंट परियोजना पूरी तरह रद्द नहीं होती तब तक आंदोलन और विरोध लगातार जारी रखने और तीसरा महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया। किसानों ने एकजुटता बनाए रखने और किसी भी प्रकार के दबाव में न आने का संकल्प जाहिर करते हुए कहा कि आंदोलन पूरी तरह गैर-राजनीतिक है। किसी भी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध की चर्चा नहीं की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसानों के संघर्ष का श्रेय कोई व्यक्ति या दल नहीं ले यह किसानों की सामूहिक लड़ाई है। महापंचायत में मोतीलाल जंघेल, राजकुमार जंघेल, मन्नू चंदेल, संजू जंघेल, रमेश साहू, श्रवण जंघेल, कामदेव जंघेल, प्रमोद सिंह, मुकेश पटेल, बीरेंद्र जंघेल, केदार जंघेल, मंगलू राम साहू, अमर साहू, प्रियंका जंघेल, लक्की जंघेल, पवन जंघेल, कुमार यादव, सजन साहू, सहित हजारों किसान मौजूद थे।

महापंचायत में पारित निर्णय अनुसार किसान अधिकार संघर्ष समिति 29 फरवरी को प्रशासन को लिखित ज्ञापन सौंपेगी। फरवरी और मार्च में प्रत्येक गांव से प्रतिनिधियों की बैठकों के माध्यम से आंदोलन की रणनीति को और मजबूत किया जाएगा। महापंचायत स्थल पर हनुमान मंदिर निर्माण के लिए किसानों ने पहले ही दिन ढाई लाख से उपर की राशि एकत्रित हुई जो मुख्य रूप से एक-एक रुपये के सिक्कों और छोटे नोटों के रूप में आई। यह राशि किसानों की सामूहिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक मानी जा रही है। इसके साथ ही 55 गांवों से किसानों द्वारा अपने खेतों की मिट्टी लाकर मंदिर की नींव में डाली गई। विशेष रूप से वृंदावन और प्रयागराज की पवित्र मिट्टी भी इस अवसर पर लाई गई जिसे नींव में शामिल किया गया।



### संघर्ष जारी रहेगा

किसान अधिकार संघर्ष समिति अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने कहा कि हनईबन नीलामी और संडी जनसुनवाई का निरस्त होना यह साबित करता है कि जब किसान संगठित होकर सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक अपनी बात मजबूती से रखते हैं, तो शासन को झुकना पड़ता है। यह केवल एक नीलामी रद्द होने का मामला नहीं है, बल्कि हमारी जमीन, पानी और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की रक्षा की दिशा में पहली बड़ी जीत है। हम साफ कहना चाहते हैं कि जब तक पूरे परिक्षेत्र की परियोजना स्थायी रूप से निरस्त नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के विद्यार्थी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

गत दिनों बसंत पंचमी पर बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा परिवार द्वारा बसंत पंचमी हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया, बसंत पंचमी के पावन अवसर पर ज्ञान एवं शौर्य दिवस के रूप में विद्यालय के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण उपस्थित हुआ। बीआरसी पब्लिक स्कूल कुण्डा के मेधावी छात्र प्रिंसी चंद्राकर एवं मौली चंद्राकर को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रिंसी चंद्राकर ने 6वां स्थान तथा मौली चंद्राकर ने 9वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया। इस उपलब्धि पर राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के कर-कमलों से दोनों प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहन राशि तीन लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। यह सम्मान न केवल छात्रों की मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रतिफल है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। सम्पूर्ण बीआरसी पब्लिक स्कूल कुंडा परिवार की ओर से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है, जिनके द्वारा प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। हम दोनों छात्रों के उज्ज्वल एवं सुनहरे भविष्य की कामना करते हैं तथा आशा करते हैं कि वे आगे भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।



## गुंझेटा में बसंत पंचमी पर प्रतिभाओं का संगम



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गुंझेटा में शुक्रवार को विद्या की देवी मां सरस्वती का पावन पर्व बसंत पंचमी अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। शाला की प्रधान पाठक शैल सोयाम एवं शिक्षक भरत कुमार डोरे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने रंगोली, वाद-विवाद और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं शाला परिवार द्वारा मां शारदे के पूजन, दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बसंत ऋतु के आगमन पर पूरा विद्यालय परिषर पीले फूलों से सजाया गया था। शाला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बीच रंगोली प्रतियोगिता में श्रेया सिंह, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मोनिका, वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रहलाद और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में प्रिंसी निर्मलकर ने अपनी शानदार प्रतिभा के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधान पाठक शैल सोयाम ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारना भी है। शिक्षक भरत कुमार डोरे ने बच्चों को बसंत पंचमी के महत्व की जानकारी देते हुए निरंतर अभ्यास और अनुशासन के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों और विद्यार्थियों को पारंपरिक पीला प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थें, जिन्होंने विद्यालय के इस रचनात्मक प्रयास की सराहना की।

# कोलेगांव से मोहतरा कला नहर रोड को पीएम सड़क में जोड़ने की मांग

## ग्रामीणों ने की समस्या का स्थायी समाधान की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से कंझेटा होते हुए मोहतरा कला तक जाने वाली नहर किनारे की कच्ची सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल किए जाने की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। यह सड़क क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों, किसानों एवं छात्र-छात्राओं के लिए जीवनरेखा के समान है, लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि कोलेगांव से कंझेटा–मोहतरा कला तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी यह नहर सड़क पूरी तरह कच्ची है। गर्मी के मौसम में किसी तरह मुरूम डालकर आवागमन किया जाता है, किंतु बरसात के महीनों में सड़क की हालत इतनी खराब हो जाती है कि चारपहिया और दोपहिया वाहनों का चलना तो दूर, पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार नहर का पानी सड़क पर भर जाने से संपर्क पूरी तरह टूट जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस सड़क से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं हाई स्कूल कंझेटा पढ़ाई के लिए आवागमन करते हैं। बरसात के दिनों में कीचड़, फिसलन और पानी भरे गड्ढों के कारण बच्चों को जान जोखिम में डालकर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से भी कतराते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। किसानों के लिए भी यह सड़क बेहद महत्वपूर्ण है। इसी मार्ग से किसान गन्ना बेचने के लिए शक्कर कारखानों तक पहुंचते हैं तथा धान खरीदी केंद्रों में अपनी उपज ले जाते हैं। सड़क खराब होने के कारण समय पर फसल पहुंचाना मुश्किल हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार ट्रैक्टर और वाहन फंस जाने से अतिरिक्त खर्च भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस कच्ची नहर सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में शामिल कर पक्की सड़क का निर्माण कराया जाता है, तो कोलेगांव, कंझेटा और मोहतरा कला ही नहीं, बल्कि आसपास के कई गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। आवागमन सुगम होगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

ग्रामीण नागरिकों, किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस महत्वपूर्ण कच्ची नहर सड़क को जल्द से जल्द प्रधानमंत्री सड़क योजना में शामिल किया जाए, ताकि बरसों से चली आ रही समस्या का स्थायी समाधान हो सके और ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुचारू आवागमन की सुविधा मिल सके।

# कुर्मी समाज को एकजुटता पर संवाद राष्ट्रीय संगठन को मजबूती का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा कबीरधाम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार का शनिवार को कबीरधाम के सर्किट हाउस में आगमन हुआ, जिसमें समाज की एकजुटता एवं अखंडता पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई, समाज में एकता बनाए रखना समाज की विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। जिसमें प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम चंद्राकर, राष्ट्रीय सचिव अंबिका चंद्रवंशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष आनंद कटियार, प्रदेश के प्रवक्ता अशोक चंद्रवंशी, अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष मुरली चंद्राकर, जिला संरक्षक महादेव चंद्राकर, चंद्रशेखर चंद्राकर, श्रीमती अन्नपूर्णा चंद्राकर, योगेश्वर चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, राजकुमार कश्यप, मुंगेली जिला अध्यक्ष विद्यानंद कश्यप साथ में जिला पदाधिकारी डीसी चंद्रवंशी, पारस सिंगरौली, रामकुमार गबेल, हरीश चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, मिथेन चंद्राकर, ब्लॉक के अध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, अशोक वर्मा, रामगोपाल वर्मा, शिव कुमार चंद्राकर, मोहन चंद्राकर, संजय चंद्रवंशी, नोहर चंद्राकर, टेकराम चंद्राकर, सुरेश चंद्रवंशी एवं समाज के प्रमुख पदाधिकारी गण समाज के वरिष्ठ व्यक्ति प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया शिक्षा व आत्मनिर्भरता को मिला बल



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पीएम श्री शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी-हिन्दी विद्यालय पिपरिया में शनिवार को शिक्षा और सशक्तिकरण का सुंदर समन्वय देखने को मिला। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत विद्यालय परिषर में छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण के लिए गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसएमडीसी अध्यक्ष मनोज नाविक, नपं उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल, पार्षद कमलकांत नाविक, लोकेश साहू, दुर्गेश साहू उपस्थित थें, सायकल वितरण के दौरान छात्राओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि सायकल मिलने से दूर-दराज के गांवों से आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा होगी, समय की बचत होगी और वे पूरी एकाग्रता के साथ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगी। उन्होंने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने व क्षेत्र व विद्यालय का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित किया। शासन की यह योजना ग्रामीण अंचल की छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिससे शिक्षा में दूरी एक बड़ी बाधा नहीं रहेगी। उक्त अवसर पर प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## शासकीय दृष्टि व श्रवण बाधित विद्यालय में बसंत पंचमी मनी



**हरिभूमि बरबसपुर।** शासकीय दृष्टि और श्रवण बाधित विद्यालय सिंघनपुरी में दिव्यांग छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित स्कूल में शिक्षकों द्वारा दिव्यांग छात्र छात्राओं को बसंत पंचमी और विद्या की देवी सरस्वती के बारे में विस्तार पूर्वक से बताया गया, कि मां सरस्वती विद्या व ज्ञान की अधिष्ठात्री कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है, वे अत्यंत ही विद्वान व कुशाग्र बुद्धि होते हैं। हम अपना ईष्ट मां सरस्वती को मानकर उनकी पूजा-आराधना करते हैं जिन पर सरस्वती की कृपा होती है, वे ज्ञानी और विद्या के धनी होते हैं। बसंत पंचमी का दिन सरस्वती की साधना को ही अर्पित है, प्रकृति में पेड़-पौधे अपनी पुरानी पत्तियों को त्यागकर नई कोपलों से आच्छादित दिखाई देते हैं समूचा वातावरण पुष्पों की सुगंध और भौंरों की गूंज से भरा होता है। कार्यक्रम में अधीक्षक देवकुमार कौशिक, शिक्षक गण लक्ष्मी चंद्रा, जागेश्वरी चंद्रा, मनहरण यादव, पत्रिका, आरती, राजू महोबिया, धनंजय चंद्रवंशी और छात्रावास के समस्त कर्मचारी गण उपस्थित थें।

# आत्मानंद स्कूल ने कक्षा 12वीं के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

शनिवार को को पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पिपरिया के गलियारे पुरानी यादों और भविष्य के उत्साह से सराबोर रहा। विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छात्रों के वर्षो की कड़ी मेहनत, मित्रता और स्कूल के साथ बिताए गए यादगार पलों को समर्पित था। समारोह का शुभारंभ सुबह 9:00 बजे खूबसूरती से सजे स्कूल हॉल में हुआ। कक्षा 11वीं के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए रेड कार्पेट बिछाकर उनका भव्य स्वागत किया। विदा होने वाले छात्र गरिमापूर्ण औपचारिक वेशभूषा में पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य नंद कुमार शर्मा, शिक्षकों और 12 वी के बच्चों द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में प्राचार्य श्री शर्मा ने छात्रों को सफलता के मंत्र दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे विद्यालय द्वारा सिखाए गए सत्यनिष्ठा और दृढ़ता के मूल्यों को दुनिया में आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा आपकी नींव है, जब आप अपने भविष्य का निर्माण करें, तो अपने चरित्र को अपना मार्गदर्शक बनने दें। अंग्रेजी व्याख्याता श्रीमती सुभद्रा शाही के मार्गदर्शन में आयोजित इस विदाई समारोह में जूनियर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिससे माहौल ऊर्जा से भर गया। 11वीं कक्षा के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया जिसमें 12वीं कक्षा के बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए समारोह का समापन सुरुचिपूर्ण जलपान और एक शानदार डीजे सेशन के साथ हुआ। छात्रों ने संगीत की धुन पर नृत्य किया और अपनी दोस्ती का जश्न मनाया। इस दौरान फोटो बूथ पर छात्रों की भीड़ लगी रही, जहाँ वे अपने सहपाठियों और शिक्षकों के साथ इन अंतिम पलों को कैमरों में कैद करते नजर आए।



## औद्योगिक ग्राम अब धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर हो रहा

# औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा में पुल-पुलिया, नाली, सड़क व सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट का नव-निर्माण कार्य जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

हरिनछपरा औद्योगिक ग्राम क्षेत्रांतर्गत पुल-पुलिया, नाली, सड़क और सौर ऊर्जा लाइट का मरम्मत कार्य जोरों से नव-निर्माण होने के बाद व्यापारी और आने जाने वाले राहगीरों व किसानों को लाभ मिलेगा। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हरिन छपरा औद्योगिक क्षेत्र में आने जाने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कत व परेशानियों का सामना उठाना पड़ रहा था। वहीं क्षेत्र की स्ट्रीट लाइट, पुल-पुलिया, सीसी सौर ऊर्जा लाइट तथा सड़क निर्माण का कार्य जोर-शोर से ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है, ताकि औद्योगिक क्षेत्र में नव-निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद व्यापारियों तथा ग्रामीण राहगीरो तथा किसानो को लाभ मिल सकें। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र में अब धीरे-धीरे विकास की ओर अग्रसर होने लगे हैं, औद्योगिक क्षेत्र के तस्वीर अब बदलने रहा है।



### औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न कार्यो का उद्योग संचालित

मिली जानकारी के अनुसार हरिनछपरा औद्योगिक क्षेत्र की शुरुआत में पांच-छह पहले उद्योग संचालित हो रहे थे, लेकिन अब उद्योग धीरे-धीरे बढ़ते कदम पर है। जिस पर कच्चे माल को पक्का निर्माण कराया जाता है, क्षेत्र में उद्योग टायर निर्माण, रासायनिक खाद निर्माण, मसाला निर्माण, पानी पाउच निर्माण, डिस्पोजल, दोना-पत्तल निर्माण व पेट्रोलियम गैस निर्माण, ढोल निर्माण, पुठठा निर्माण, ब्रेड निर्माण, ईट निर्माण कार्य होने से उद्योग प्रगति पर है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

विडंबना: 600 क्विंटल गबन पर गिरफ्तारी, 22 हजार क्विंटल पर चुप्पी

# जिले के चर्चित धान घोटाले में भेदभाव पूर्ण कार्रवाई क्यों?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले में धान उपार्जन व्यवस्था इन दिनों गंभीर सवालों के घेरे में है। कुकदूर धान उपार्जन केन्द्र में लगभग 600 क्विंटल धान के गबन पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए केन्द्र प्रभारी अमित बाजपेयी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई को प्रशासन ने सख्ती और पारदर्शिता का उदाहरण बताया और अपनी पीठ थपथपाई। लेकिन इसी जिले के चारभाटा खरीदी केन्द्र से सामने आए 22 हजार क्विंटल धान की भारी कमी के मामले में तस्वीर बिल्कुल उलट नजर आती है। करोड़ों रुपए के नुकसान के बावजूद जिम्मेदार जिला विपणन अधिकारी (डीएमओ) की न तो गिरफ्तारी हुई न ही निलंबन, सिर्फ एक कारण बताओ नोटिस जारी कर मामले को औपचारिकता में समेट दिया गया। यह स्थिति प्रशासन के दोहरे मापदंड को उजागर करती है। जहां छोटे कर्मचारियों पर कानून का डंडा चलता है और बिना जांच किए शिकायत पर त्वरित कार्यवाही किया गया जबकि बड़े पदों पर बैठे अधिकारी बचते नजर आते हैं।



### चूहों की बदनामी बनी राष्ट्रीय मुद्दा

चारभाटा प्रकरण में डीएमओ द्वारा दिया गया यह बयान कि धान चूहे खा गए, न केवल गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि जनता की समझ का खुला अपमान भी है। विशेषज्ञों और सामान्य गणना के अनुसार एक चूहा औसतन दिनभर में लगभग 20 ग्राम धान ही खा सकता है। इस आधार पर 22 हजार क्विंटल धान को खत्म करने के लिए करीब 11 करोड़ चूहों की जरूरत पड़ेगी। यह तथ्य सामने आते ही यह बयान सोशल मीडिया से लेकर राष्ट्रीय टीवी चैनलों तक मजाक और तीखी आलोचना का विषय बन गया। कई राष्ट्रीय चैनलों ने इस पर विशेष बहस चलाई,लेकिन इतने बड़े स्तर पर किरकिरी के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी पर ठोस कार्रवाई न होना,पूरे तंत्र की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

### 7 करोड़ के गायब धान को लेकर लोगों में असंतोष

बताया जा रहा है कि 22 हजार क्विंटल धान की अनुमानित कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। इतना बड़ा आर्थिक नुकसान किसी साधारण लापरवाही का परिणाम नहीं माना जा सकता। इसके बावजूद कार्रवाई का पैमाना देखकर आम जनता में आक्रोश है। विपक्षी दल कांग्रेस और जोगी कांग्रेस ने इस दोहरे रवैये के खिलाफ सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि छोटे कर्मचारियों को बलि का बकरा बनाकर बड़े चूहों को संरक्षण दिया जा रहा है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हो,तो कई बड़े नाम सामने आ सकते हैं। अब जिले की जनता जवाब चाहती है क्या शासन-प्रशासन किसी दबाव में काम कर रहा है? क्या करोड़ों के घोटाले में शामिल जिम्मेदार अधिकारी कानून से ऊपर हैं? 600 क्विंटल पर गिरफ्तारी और 22 हजार क्विंटल पर चुप्पी, यह अंतर साफ बताता है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई बराबरी की नहीं है। यदि समय रहते निष्पक्ष और कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो यह संदेश जाएगा कि कबीरधाम में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई सिर्फ दिखावा है। जनता अब इंतजार कर रही है कि आखिर कब बड़े जिम्मेदार अधिकारियों पर हाथ डाला जाएगा और कब करोड़ों के धान घोटाले के असली दोषियों को जेल भेजा जाएगा।

# मेरे सपनों का कवर्धा जनसंवाद से गढ़ा गया शहर के विकास का नया विजन: चंद्रप्रकाश




- नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी की पहल, 500 से अधिक लेखों से निकले शहर के भविष्य के सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आज मैं आपसे भाषण देने नहीं, संवाद करने आया हूँ। आज का दिन मेरे जन्मदिन का नहीं, कवर्धा के भविष्य का मंच है शहर सरकार या फाइलों का नहीं, हम सबका होता है और इसी सोच को जगाने के लिए मेरे सपनों का कवर्धा शुरू किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने पारंपरिक भाषण देने के बजाय जनसंवाद का मार्ग अपनाते हुए नागरिकों और विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आयोजित मेरे सपनों का कवर्धा कार्यक्रम स्थानीय पीजी कॉलेज सभागार में भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की परिकल्पना नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी द्वारा की गई, जिसका उद्देश्य शहर के विकास में आम नागरिकों एवं युवाओं की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत लेखन प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। पहला वर्ग नागरिकों के लिए तथा दूसरा वर्ग 10 स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए। दोनों वर्गों से कुल 500 से अधिक लेख प्राप्त हुए, जो कवर्धा के प्रति नागरिकों की जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रमाण हैं। लेखों के मूल्यांकन के संबंध में अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि हर लेख को पढ़ा गया है शहर के प्रबुद्ध नागरिकों और शिक्षाविदों को यह जिम्मेदारी दी गई कि वे सुझावों को समझें, अंक दें और बेहतरीन विचारों को सामने लाएं, क्योंकि हर सुझाव कीमती है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता या पुरस्कार तक सीमित नहीं है यह केवल पुरस्कार पाने की प्रतियोगिता नहीं है यह कवर्धा की कार्ययोजना का बीज है, आज हम वादे नहीं बांट रहे, बल्कि दिशा तय कर रहे हैं यह हमारा कवर्धा को आगे बढ़ाने का नया विजन है। अंत में अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि आपने सोचा, आपने लिखा, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उसे धरातल पर उतारें मेरे सपनों का कवर्धा अब हम सबका साझा सपना है।

### निबंध प्रतियोगिता में इनको मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित की गई थी पहली श्रेणी आम नागरिकों के लिए तथा दूसरी श्रेणी कक्षा 10वीं से ऊपर के स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिये, जिसमें प्रतिभागियों ने निबंध में कवर्धा नगर के विकास, स्वच्छता, हरियाली, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क सुरक्षा, यातायात, संस्कृति, परंपरा और आधुनिकता एवं नागरिकों की जिम्मेदारी जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार-नरेंद्र प्रसाद कुल मित्र, द्वितीय पुरस्कार-श्रीमती अनीता जायसवाल, तृतीय पुरस्कार-विजेंद्र साहू, विशेष सम्मान पुरस्कार आदित्य श्रीवास्तव, आकाश आहूजा, जितेंद्र सिंह ठाकुर (सर) को प्रदान किया गया। इसी तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा, द्वितीय पुरस्कार अशोका पब्लिक स्कूल, कवर्धा एवं तृतीय पुरस्कार गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मेरे सपनों का कवर्धा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ अन्य विधाओं का सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुति देकर पुरस्कार हासिल किये। कार्यक्रम के दौरान कवर्धा से संबंधित प्रश्नोत्तरी (क्विज प्रतियोगिता) का आयोजन भी किया गया, जिसमें सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। बड़ी संख्या में नागरिकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।

## खबर संक्षेप



### नपाध्यक्ष ने किया गौ भोज का आयोजन

**कवर्धा।** जन्मदिवस को केवल केक काटने या पटाखे फोड़ने का दिन न मानते हुए नपा अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने इसे सेवा और संवेदना का अवसर मानते हुए अपने जन्मदिवस को गौ माता की सेवा को समर्पित किया। इस अवसर पर केक और शोर-शराबे के स्थान पर गौशाला में गौ-भोज का आयोजन किया गया। साग-भाजी से सुसज्जित गौ-भोज और सब्जियों से निर्मित गौ माता की आकृति ने मन को भीतर तक शांति और आनंद से भर दिया। यह अनुभव सिखाता है कि सच्चा उत्सव दिखावे में नहीं, बल्कि करुणा और संस्कार में है। नपा अध्यक्ष ने सभी से आग्रह किया कि अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य किसी भी शुभ अवसर पर गौ-भोज का ऐसा आयोजन अवश्य करें और अपने उत्सवों को एक सनातनी स्वरूप प्रदान करें।

### मौसम में बदलाव, ग्रीष्म ऋतु की आहट

**कवर्धा।** अंचल के मौसम में लगातार बदलाव देखा जा रहा है और इसी के साथ ही ग्रीष्म ऋतु की आहट भी देखने को मिल रही है। अंचल में लगातार बदल रहे मौसम के चलते कभी आसमान में बदली देखने को मिल रही है तो कभी धूम और रात ठंड। वहीं लगातार बदल रहे इस मौसम के बीच अब ठंड का असर भी धीरे-धीरे कम होते दिखाई दे रहा है।

## बसंत पंचमी और वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन

**स लोहारा।** द गीता गुरुकुल पब्लिक स्कूल बांधाटोला (स./लोहारा) में आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर वार्षिक खेल उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित तथा विद्यालय में वैदिक यज्ञ एवं हवन के साथ हुआ। उपस्थित अतिथियों द्वारा बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डाला गया। खेल उत्सव के अंतर्गत कक्षावार विद्यर्थियों के लिए दौड़, कैरम, शतरंज, बैडमिंटन और विभिन्न खेलो सहित अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साह और खेल भावना का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती नहारिका चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व और टीमवर्क की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। विद्यालय के संचालक डॉ. बीके चंद्राकर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए निरंतर अभ्यास और सकारात्मक सोच पर बल दिया।



# सरकारी राशन दुकानों से उपभोक्ताओं को समय पर नहीं मिल रहा राशन

- एसडीएम से शिकायत कर लोगों ने की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सेवा सहकारी समिति बिडोरा पंजियन क्रमांक 1400 के द्वारा संचालित सरकारी राशन दुकान बिडोरा के गरीब राशन कार्डधारी राशन दुकान संचालक की मनमानी से त्रस्त हो चुके हैं हितग्राहियों का आरोप है कि उन्हें शासकीय राशन दुकान से समय पर सरकारी राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिससे उन्हें तथा उनके परिवार को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों ने स. लोहारा अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग भी की है लेकिन अभी तक व्यवस्था में सुधार नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि बिड़ौरा सरकारी राशन दुकान से ग्राम धनगांव, बिडोरा, नूनछापर के उपभोक्ताओं को खाद्यान सामग्री चावल, नमक, शक्कर का वितरण किया जाता है।

लेकिन संचालक अर्जुन यादव प्रभारी समिति प्रबंधक द्वारा हितग्राहियों को कभी भी समय पर खाद्यान्न वितरित नहीं किया जा रहा है। स्थित ये है कि अपने कोटे का राशन लेने पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को संचालक द्वारा बेवजह बगैर राशन दिए ही कोई न कोई बहाना बनाकर लौटा दिया जाता है।

वहीं जो उपभोक्ता शिकवा शिकायत अथवा आपत्ति दर्ज कराता है उसे राशन उपलब्ध करा दिया जाता है। उपभोक्ताओं ने बताया कि इस महिने भी संचालक द्वारा सिर्फ ऑनलाइन कराकर छोड़ दिया गया है लेकिन राशन नहीं दिया गया है। जिससे उपभोक्ता परेशान है। उपभोक्ताओं ने बताया कि संचालक अर्जुन यादव प्रभारी समिति प्रबंधक बिड़ौरा द्वारा बिड़ौरा एवं सिल्हाटी दोनों दुकानों का संचालन किया जाता है और दोनो ही दुकानो में सबसे पहले सिर्फ ऑनलाइन किया जाता है फिर दूसरे या तीसरे महिने खाद्यान्न आने पर सामाग्री वितरण किया जाता है। कई हितग्राही तो ऐसे भी है जिसे 5-6 महिने से राशन नहीं मिला है और सिर्फ ऑनलाइन वितरण कराकर छोड़ दिया गया है।

यह प्रक्रिया पिछले 5 से 10 वर्षों से चलते आ रही है। उपभोक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि राशन दुकान की व्यवस्था दुरूस्त कर उन्हें सही समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए।

# हाई कोर्ट ने पुरानी पेंशन के लिए सेवा गणना पर स्पष्ट नीति बनाने का दिया निर्देश

- रमेश चन्द्रवंशी व अन्य के प्रकरण में आया महत्वपूर्ण फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश के शिक्षा कर्मियों अर्थात पंचायत शिक्षकों का शिक्षा विभाग में संविलियन कर शासकीय शिक्षक का दर्जा प्रदान कर दिया गया है, लेकिन पुरानी पेंशन के लिए सेवा अवधि की गणना पर अब भी विवाद बरकरार है। इसी विषय को लेकर जिले के शासकीय हाई स्कूल छिरहा में पदस्थ व्याख्याता रमेश कुमार चन्द्रवंशी व 18 अन्य शिक्षकों ने सन 2021 में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर किया था, जिस पर सुनवाई पूर्ण होने के बाद न्यायालय ने विगत 14 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस प्रकरण पर 23 जनवरी 2026 को फैसला सुनाया गया, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने कार्यपालिका को पुरानी पेंशन के लिए सेवा गणना पर स्पष्ट नीति बनाने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि अलग-अलग चरणों मे फैली सेवा के लिए पेंशन निर्धारण करने के लिए नियुक्ति तिथि निर्धारित करने वाली कोई स्पष्ट, अंतिम और एकसमान नीति मौजूद न होने से पेंशन पात्रता का निर्धारण नहीं किया जा सकता। नीतिगत निर्णय कार्यपालिका के अधिकार क्षेत्र में आता है, अतः कार्यपालिका तर्कसंगत और स्पष्ट निर्णय ले। निर्णय लेते वक्त इस बात का ध्यान रखे कि वह मनमानी से मुक्त हो तथा भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के तहत समानता और निष्पक्षता के संवैधानिक दायित्वों का पालन हो सके। ज्ञातव्य हो कि शिक्षा कर्मी के पद पर सन 1998 से नियुक्त एल. बी. संवर्ग के व्याख्याता रमेश कुमार चन्द्रवंशी व 18 अन्य शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर विधिवत सभी तथ्यों के साथ शासन को आवेदन देने के बाद माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया था। पेंशन नियम 1976 के तहत सन 2004 के पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिए जाने का तथ्य व तर्क रखते हुए नवीन पेंशन योजना को उपयुक्त नहीं मानते हुए याचिका दायर किया गया था। इस मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता नरेंद्र मेहर एवं ईशान वर्मा ने पैरवी किया। नवीन अंशदायी पेंशन योजना को छत्तीसगढ़ में नवंबर 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए लागू किया गया है, जबकि वर्तमान एल. बी. संवर्ग के शिक्षक, जिनकी नियुक्ति 2004 के पूर्व 1998 में शिक्षा कर्मी के पद पर हुई थी, वे पेंशन नियम 1976 के तहत पुरानी पेंशन के पात्र होंगे। जब आठ साल की सेवा पर संविलियन किया गया तब शासन ने स्वयं ही पूर्व सेवा को संविलियन के लिए आधार बनाया तो फिर पेंशन के लिए पुरानी सेवा को अमान्य किया ही नहीं जा सकता। शासन द्वारा पूर्व सेवा के आधार पर निम्न से उच्च पद का लाभ देने का आदेश किया जा चुका है तो इसी प्रकार से पहले की सेवा के आधार पर पेंशन क्यों नहीं ? याचिकाकर्ता व्याख्याता रमेश कुमार चन्द्रवंशी, राजेश तिवारी, रंगलाल बारले, देवानंद चन्द्रवंशी, सुरेन्द्र शर्मा, नरेन्द्र चंद्रौल, गोपी साहू, आसकरण धुर्वे, भागीरथी चन्द्राकर, रोहित धुर्वे, रविन्द्र चन्द्रवंशी, सुरतिया साहू, रामसिंग साहू, नरेश साहू, बलदाऊ चन्द्राकर, देवेश वैष्णव, अर्जुन चन्द्रवंशी, मोहन शर्मा एवं चतुर मेरावी ने छत्तीसगढ़ शासन से मांग किया है कि वे न्यायालय के निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक एल. बी. संवर्ग को शिक्षा कर्मी पद पर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पुरानी पेंशन का लाभ प्रदान करे।

## गुरुकुल के वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में विद्यार्थियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास




**कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं। इस विशिष्ट समारोह के अतिथि के रूप में डॉ. बीएस चौहान, पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज कवर्धा एवं विशिष्ट अतिथि रेखचंद मुंदड़ा मंचासीन थे। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति के पदाधिकारी व निर्देशक गण, शाला के प्राचार्य, प्रशासक, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं अधिकांश संख्या में पालक गण उपस्थित थे। अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय में स्वागत किया गया। अतिथियों के कर कमलों द्वारा शाला का ध्वज फहराया गया तथा विद्या की देवी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर पूजन व वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मीडिया प्रभारी पीजीटी डॉक्टर विजय कुमार शाही ने बतलाया कि प्राचार्य मनोज कुमार राय ने अपना स्वागत भाषण दिया जिसमें शाला की क्रीडा संबंधित उपलब्धियों के विषय में विस्तार से अतिथियों को अवगत करवाया। शाला के श्रेष्ठ धावकों ने मशाल को नियत स्थान पर स्थापित किया। शाला के छात्र-छात्राओं ने विविध प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। छात्राओं ने योग प्रदर्शन तथा छात्रों द्वारा पिरामिड की रचना कर दर्शक दीर्घा की वाहवाही लूटी। इस शुभ अवसर पर कबड्डी स्पर्धा, 100 मीटर की दौड़ तथा रिले रेस 400 मी संपन्न कराई गई। शाला के आजाद सदन, भगत सदन, टैगोर सदन तथा विनोबा सदन के छात्राओं ने समस्त स्पर्धा में सहभागिता निभाकर उत्कृष्टता हासिल करने का भगीरथ प्रयास किया। समस्त सम्माननीय अतिथियों के करकमलों द्वारा जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तरीय पर से उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले विजयी छात्र-छात्राओं को मेडल, शील्ड व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समस्त सम्माननीय अतिथियों ने अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियां की प्रशंसा की। महावीर जैन, निदेशक, शाला प्रबंधन समिति ने शारीरिक गतिविधियां को बनाए रखने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। समस्त अतिथियों को शाला का स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। संस्था के क्रीड़ा शिक्षक बिपिन तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, समस्त संचालक गण, प्रशासक व समस्त पदाधिकारीगण ने शाला परिवार को हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।

प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन कवर्धा गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में फहराएंगे तिरंगा

# पीजी कॉलेज मैदान में किया गया गणतंत्र दिवस का अंतिम अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान, कवर्धा में 26 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के तहत आज अंतिम रिहर्सल किया गया। राष्ट्र पर्व गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन इस बार जिले में बड़े हर्षोउल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया जाएगा। इस समारोह में उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और तिरंगा झंडा फहराकर परेड की सलामी लेंगे। कलेक्टर गोपाल वर्मा और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह की विशेष उपस्थिति में समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने पूरी तत्परता और समर्पण के साथ समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि उद्योग व जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे।



निर्धारित कार्यक्रम के तहत समारोह का शुभारंभ सुबह 8:58 बजे मुख्य अतिथि के आगमन के साथ होगा। 9:00 बजे झंडा फहराया जाएगा, राष्ट्रीय धुन और परेड सलामी के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद हर्ष फायर, राष्ट्रपति जय घोष और मार्चपास्ट के माध्यम से गणतंत्र दिवस का आयोजन होगा। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का संदेश वाचन 9:25 बजे से किया जाएगा। समारोह के आकर्षण में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी प्रदर्शन और पुरस्कार वितरण शामिल हैं। इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में कुल 11 प्लाटून हिस्सा लेंगे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियां

परेड के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें जिले के कुल 6 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और देशभक्ति से जुड़े गीतों और नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा, झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी, जो विकास कार्यों और सामाजिक संदेशों पर आधारित होंगी। पुलिस बैण्ड में प्रधान आरक्षक ओमप्रकाश धुर्वे, प्रेमेन्द्र चंदेल, आरक्षक साजिद खान, मोहित यादव, शिवम मंडावी, रामलोचन और दिलचंद द्वारा राष्ट्रीय धुनें बजाई जाएगी। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर कवर्धा, होली क्रॉस स्कूल और दिशा पब्लिक स्कूल कवर्धा के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एरोबिक व्यापम प्रदर्शन के साथ होगी। इसके अलावा जिले के गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोड़ला द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं गौधन, अभ्युदय स्कूल कवर्धा द्वारा इंडियन फोक डांस सहित अन्य स्कूली छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

# छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स. लोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवघटा में निः शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण एवं बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र साहू जिला पंचायत सदस्य क्रमांक 13 उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रीना मेरावी सरपंच ग्राम पंचायत नवघटा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में राघवेंद्र वर्मा, रघुनंदन साहू, भूपेंद्र वर्मा, सुशील साहू, सोनू मरकाम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया मुख्य अतिथि राजेंद्र साहू के द्वारा निः शुल्क सरस्वती साइकिल प्राप्त बालिकाओं एवं उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा। सरकार के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रकार की योजनाएं संचालित है जिनमें से महत्वपूर्ण योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण है। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को अच्छे से पढ़ाई लिखाई करने हेतु प्रेरित किया। सरपंच श्रीमती रीना मेरावी एवं विशिष्ट अतिथि राघवेंद्र वर्मा द्वारा भी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सभी छात्रों को अच्छे से पढ़ाई करने एवं बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। संस्था प्राचार्य एमएल देवांगन के द्वारा बताया गया कि सत्र 2025 -26 में कुल 38 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। संस्था प्राचार्य अपने संबोधन में बताया कि निःशुल्क साइकिल वितरण का लाभ प्रत्यक्ष रूप से बालिकाओं को मिल रहा है इसी कारण शालाओं में पढ़ने वाले बालिकाओं की संख्या में वृद्धि हुआ है। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक अनिल बघेल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, कैलाश मिश्रा, उप सरपंच तोरण दास रात्रे, समिति के सदस्य धन्नू राम मेरावी, धनसिंह श्रीवास, रामजी साहू चित्रांगद बघेल, रामराज रात्रे, मुकेश सिंह ठाकुर (पूर्व एसएमसी अध्यक्ष), रिखी राम सिन्हा श्रीमती रजनी सेंगर, लीना बघेल, झरना मिश्रा पंचायत सचिव शत्रुहन डोंडे, शाला में पदस्थ शिक्षक श्रीमती रंजना वैदे टीपी वर्मा आदि उपस्थित थे।

